
दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शनिवार 28 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 189 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने 100 से ज्यादा 'देवी' बसों को सड़कों पर उतारा





**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज को दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरचेंज (देवी) योजना के तहत 100 से ज्यादा नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई। इसी के साथ नरेला ए-9 टर्मिनल का लोकार्पण किया। इस मौके पर परिवहन मंत्री पंकज सिंह भी मौजूद थे।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, आज हमने नरेला बस डिपो का उद्घाटन किया है और देवी इलेक्ट्रिक बसों को भी समर्पित किया है, 9 रूटों पर बसें चलेंगी। इन्हें बेहतरीन सुविधाओं से लैस किया गया है। ये डिपो सिर्फ तीन महीने में बनकर तैयार हुआ है। हमारी कोशिश है कि दिल्ली की सरकारी ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को इलेक्ट्रिक मोड पर लाया जाए, ट्रांसपोर्ट व्यवस्था अपडेट हो और जनता को कोई परेशानी न हो। धीरे-धीरे हम व्यवस्था को पटरी पर ला रहे हैं। दिल्ली रंग-बिरंगी है, कई रंगों का इस्तेमाल होना चाहिए, इसलिए प्रयोग के तौर पर हरे और नारंगी रंग की बसें शुरू की गई हैं, आज से रथ यात्रा शुरू हो रही है, ये रंग भगवान जगन्नाथ को समर्पित हैं।

इस दौरान पंकज सिंह ने कहा, 'आज बेहद खुशी और गर्व का दिन है। आज हम नरेला के 4,000 वर्ग मीटर एरिया में बने डीटीसी टर्मिनल के शेष, पृष्ठ 2




# जगन्नाथ रथ यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत, जनप्रतिनिधियों ने भी लिया भाग

## इस्कॉन मंदिर पर की गई सजावट, सेक्टर-23 से शुरू हुई थी रथ यात्रा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को हरे कृष्णा, हरे-हरे के साथ, मधुर संगीत के बीच गाजियाबाद में भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ सेक्टर-23 से किया गया। इस दौरान रथ यात्रा में

भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र, और बहन सुभद्रा भव्य रथ पर सवार होकर अपने मौसी के घर गुंडिचा मंदिर की ओर लेकर जाया गया। रथ यात्रा सेक्टर-23 से शुरू हुई। इसी यात्रा का राजनगर इस्कॉन मंदिर पहुंचने तक जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। तो वहीं रथ यात्रा के दौरान विदेशी भक्त और उनकी टोली आकर्षण का केंद्र रहीं। तो आधा दर्जन से अधिक अलग-अलग बैंड, रॉक बैंड और भगवान जगन्नाथ यात्रा के अलग-अलग जीवन के अध्याय को प्रदर्शित करने का भी काम किया गया। इस दौरान जगह-जगह लोगों द्वारा रथ यात्रा का स्वागत किया गया। पुष्प वर्षा की गई, तो प्रसाद भी वितरित किया गया। मंदिर में भगवान जगन्नाथ के अलग-अलग रूप की पूजा अर्चना की गई। तो मंदिर में छप्पन भोग का प्रसाद भी उनको अर्पित किया गया। रथ यात्रा के इस आयोजन में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा ,शहर विधायक संजीव शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर अशु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस शोभा यात्रा में भाग लिया।



### कई दिनों भगवान मौसी के घर रुकते हैं



करंट क्राइम : इस दौरान सुरेश्वर प्रभु ने बताया है कि भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन शुभद्रा के साथ मौसी गुंडिचा के घर पूरे सात दिन के लिए रुकते हैं और रोज आमजनों को दर्शन देते हैं। इस मंदिर में भी उनकी पूजा, भोग से सेवा की जाती है। हालांकि नगर भ्रमण की ये यात्रा पूरे नौ दिन की होती हैं। जिसमें से सात दिन वो अपनी मौसी के यहां रुकते हैं। भगवान जगन्नाथ के बहन सुभद्रा और बलभद्र के साथ लौटने की यात्रा बहुदा यात्रा बोली जाती है। जिसके बाद ये तीनों अपने श्रीमंदिर में विराजमान हो जाते हैं।



### बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु, किसी ने रथ को लगाया हाथ, तो किसी ने चढ़ाया प्रसाद



करंट क्राइम : शुक्रवार को सेक्टर-23 इस्कॉन मंदिर की ओर से भव्य रथयात्रा निकाली गई। इस रथ यात्रा में जहां भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र, और बहन सुभद्रा के दरबार को सजाया गया। तो वहीं भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के रथ को धक्का लगाकर अपना प्रेम प्रदर्शित किया। तो वहीं लोगों ने जगह-जगह प्रसाद भी भक्तों को वितरित किया। इस दौरान भगवान जगन्नाथ के रथ को विदेशी फूलों और आकर्षक सजावट कर भव्य रूप दिया गया था। तो वहीं उनको 56 भोग का प्रसाद भी चढ़ाया गया। इस दौरान इस्कॉन संस्था से जुड़े पुजारी और गुरु द्वारा लोगों को आशीर्वचन में सुनाए गए।

### भीड़ को कंट्रोल करने के लिए लगाई गई पीएसी

करंट क्राइम : सेक्टर-23 से लेकर राजनगर स्थित इस्कॉन टेंपल तक आने वाली इस यात्रा में किसी प्रकार की कोई घटना, दुर्घटना ना हो और मार्ग पर कोई असुविधा ना हो, इसको लेकर बड़ी संख्या में पीएसी के जवानों को भी लगाया गया था। वहीं एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा ने बताया है कि रथ यात्रा की सुरक्षा के लिए पीएसी के जवानों के साथ ही थाना मधुबन बापूधाम और कवि नगर से भी पुलिस फोर्स लगाई गई थी।

# आपातकाल में अधिकारी तय करते थे पत्रकारों के लेख कांग्रेस ने अपने और परिवार के लिए संशोधन किए : अरुण सिंह

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर गाजियाबाद में पत्रकारों से रूबरू हुए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी इन दिनों आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है। तो वहीं वह जनता को बता रही है कि आम जनता के मौलिक अधिकारों का किस प्रकार से कांग्रेस पार्टी और इंदिरा गांधी द्वारा हनन किया गया था। शुक्रवार को कवि नगर स्थित रामलीला मैदान के मां जानकी भवन



सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर प्रहार किये। उन्होंने कहा कि आपातकाल के समय न्यायपालिका, कार्यपालिका और पत्रकारों को निगरानी के बीच रखा जाता था। साथ ही अरुण सिंह ने कहा कि पत्रकार स्वतंत्र नहीं थे, अधिकारी तय करते के थे कि क्या प्रकाशित किया जाएगा। साथ ही मीडिया में जेपी के आंदोलन को छापने नहीं दिया जाता था। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाए और कहा की पत्रकारों को जेल भेजा जाता था, तो वहीं उनकी पार्टी के युवराज राहुल गांधी संविधान बढ़ाने का नाटक तो करते हैं लेकिन संविधान के बिल फाड़ कर फेंक देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव अपने को और अपने परिवार को बचाने के लिए संशोधन किए हैं।

### मोदी ने जीएसटी, महिलाओं को आरक्षण और गरीबों व बैकवर्ड को रिजर्वेशन दिया

करंट क्राइम : आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भारतीय जनता पार्टी के नेता कांग्रेस को घेरने का काम कर रहे हैं। तो उनके शासनकाल की कमियों को गिनवा रहे हैं। इस दौरान गाजियाबाद पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा है कि जहां कांग्रेस ने देश को इमरजेंसी दी, तो चारों स्तंभ को दबाने का काम किया गया। उसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी दिया गया है। तो गरीबों को 10% रिजर्वेशन और महिलाओं को 33% आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान पर भरोसा रखती है।

### गाजियाबाद देश का प्रमुख हिस्सा बन रहा है


करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने गाजियाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि जिस तरीके से गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद को ग्रेटर गाजियाबाद बनाने की घोषणा की है, यह अपने आप में गाजियाबाद को खास पहचान देगा। उन्होंने कहा गाजियाबाद हर क्षेत्र में अग्रसर हो रहा है। यहां विकास की रफ्तार डबल इंजन की सरकार में बहुत तेजी के साथ बढ़ रही है।

### बोले अरुण सिंह बढ़ रहे हैं जातीय संघर्ष

करंट क्राइम : गाजियाबाद पहुंचे अरुण सिंह से जब पत्रकारों ने पूछा कि इन दिनों देश के कई हिस्सों में जातीय संघर्ष बढ़ रहे हैं। तो वहीं गुरुवार को इटावा में जिस तरीके से दो जातियों के बीच शुरू हुआ विवाद बवाल का रूप ले चुका है, इसको लेकर अरुण सिंह ने कहा कि यह जातीय संघर्ष किस लिए किया जा रहे हैं ,इसकी जांच लोकल पुलिस और प्रशासन कर रहा है लेकिन भारतीय जनता पार्टी इसकी निंदा करती है। भारतीय जनता पार्टी किसी जाति नहीं बल्कि सभी वर्ग को साथ लेने का काम करती है। आरोपियों पर इस पूरे मामले में कार्रवाई होनी चाहिए। जो लोग राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं उनपर भी एक्शन होगा। पत्रकार वार्ता में उत्तर प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, सांसद अतुल गर्ग, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, शहर विधायक संजीव शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और पूर्व महापौर अशु वर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह प्रेस वार्ता में मंचासीन रहे।

### आपातकाल पूरी तरह एक राजनीतिक षड्यंत्र था : अरुण सिंह

करंट क्राइम : भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा है कि शाह आयोग ने भी स्पष्ट कहा था कि आपातकाल पूरी तरह एक राजनीतिक षड्यंत्र था। जिसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था। लेकिन कांग्रेस ने ना तो आज तक माफी मांगी, न ही शर्मिंदगी दिखाई। उल्टे, आज भी जब गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार की जांच होती है, कांग्रेस 'लोकतंत्र खतरे में है' का शोर मचाने लगती है। अरुण सिंह ने कहा है कि इंदिरा गांधी ने ना केवल न्यायपालिका को बंधक बनाया, बल्कि प्रेस की बिजली काट दी। मीसा जैसे काले कानूनों से छात्रों, पत्रकारों, विपक्षी नेताओं को जेल में ठूंस दिया। उस दौर में जिस किसी ने भी सवाल उठाया, उसे देशद्रोही बताया गया। आज कांग्रेस उसी मानसिकता को सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लागू कर रही है। आपातकाल सिर्फ एक घटना नहीं, कांग्रेस की सोच का प्रतिबिंब है,आज भी कांग्रेस सत्ता को परिवार के लिए आरक्षित समझती है और लोकतंत्र को एक औपचारिकता मानती है।



# जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## 12 दिन चलने वाली रथ यात्रा को लेकर भक्त उत्साहित

**भुनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुरूआत हो रही है। यह भव्य यात्रा पुरी के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है।

जगन्नाथ रथ यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। 12 दिन चलने वाली रथ यात्रा को लेकर भक्त उत्साहित हैं। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

बारिश के बाद हिमकोटी मार्ग पर करीब 30 फीट तक मलबा जमा हो गया है और बड़े-बड़े पत्थर गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है। हालांकि, माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड और प्रशासन ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिया है और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा को पारंपरिक पुराने मार्ग से जारी रखा गया है।





**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने दीं शुभकामनाएं**

**यात्रियों के लिए प्रशासन की अपील :** प्रशासन की ओर से यात्रियों से अपील की गई है कि वे मौसम को देखते हुए सतर्कता बरतें और सिर्फ अधिकृत मार्गों व दिशानिर्देशों का पालन करें। साथ ही श्राइन बोर्ड की टीमें और आपदा प्रबंधन बल मौके पर तैनात हैं और मलबा हटाने का कार्य तेजी से जारी है। इससे पहले भी जून महीने में दो बार भारी बारिश के कारण यही मार्ग बंद किया गया था, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा था। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि वह हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और स्थिति सामान्य होने पर सभी सेवाएं पुनः बहाल की जाएंगी।

**मंगलवार को भी हुआ था भूस्खलन :** माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर मंगलवार के दिन भी भूस्खलन हुआ था। रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों के ऊपर भूस्खलन होने से रास्ता बंद हो गया था। हालांकि, इसकी वजह से बैटरी कार सेवा बंद कर दी गई थी, जिसे थोड़े समय बाद दोबारा शुरू किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि हिमकोटि मार्ग पर सत्या व्यू प्वाइंट के पास भूस्खलन हुआ था। हालांकि, इस समय तीर्थयात्रियों की आवाजाही नहीं हो रही थी। ऐसे में इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

मलबा हटाने के बाद नए मार्ग पर यात्रा दोबारा शुरू हो गई। वहीं, जब तक नया मार्ग बंद था, तब तक पुराने रास्ते से यात्रा जारी रही।

# एक घर, तीन लाश : बिना चीख, खून बहाए सभी की मौत, सामने आया तांत्रिक कनेक्शन

**प्रतापगढ़।** यूपी के प्रतापगढ़ स्थित सगरासुंदरपुर में महिला और उसके बेटे-बहू गुरुवार की सुबह घर की पहली मंजिल के कमरे में मृत पाए गए। दंपती का छह माह का बेटा मां के शव से लिपटकर रोता मिला। फिलहाल इन तीनों की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि जहरीला पदार्थ खाने से तीनों की जान गई है। पुलिस द्वारा सभी का विसरा सुरक्षित किया गया है। मामले में पड़ोसी समेत चार लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। वहीं इस मामले में एक तांत्रिक का नाम भी सामने आ रहा है।



**मृतक चलाता था जनरल स्टोर :** वाराणसी-लखनऊ हाईवे के किनारे लीलापुर थाना क्षेत्र के सगरासुंदरपुर बाजार निवासी यशोदा देवी (70) ने बेटी आशा देवी (48) की शादी रायबरेली कैपरगंज निवासी रमेश कुमार पटवा के साथ की थी। पति से अलगाव के बाद आशा अपनी मां के घर पर ही रहती थीं। साथ में बेटा अंकित पटवा (26), उसकी पत्नी रिया (22) भी रहते थे, जिनका छह माह का एक पुत्र है। अंकित घर के बाहरी कमरे में जनरल स्टोर चलाता था।

**जमीन विवाद का मामला भी आया सामने :** वारदात के घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने चार घंटे तक मकान का कोना-कोना छाना। जमीन विवाद के चलते पड़ोसी और अंकित के करीबी एक झाड़फूंक वाले पर पुलिस की नजर है। अंकित के ससुराल वालों के अनुसार पड़ोस के राजकुमार व धर्मेंद्र पटवा से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जानकारी मिली है कि धर्मेंद्र पटवा व अंकित की मां आशा देवी ने मिलकर वर्ष 2011 में जगन्नाथ से बैनामा कराया था। तीनों की मौत की खबर मिलने के बाद पुलिस धर्मेंद्र को हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगी।

**तांत्रिक ने बेटे के हाथ-पैर पर बंधवाया था काला धागा :** जमीन विवाद के अलावा नागापुर तिलौरी निवासी एक झाड़फूंक करने वाले व्यक्ति की भी पुलिस तलाश करती रही। सूत्रों का कहना है कि अंकित को झाड़फूंक में बहुत भरोसा था। उसके हर आयोजन में झाड़फूंक करने के लिए वह व्यक्ति पहुंच जाता था। उसकी शादी में भी वह साये की तरह मौजूद था।

# दादरपुर की घटना झूठ और फर्जी पहचान से उपजे जनाक्रोश का नतीजा : योगेश त्रिपाठी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के संरक्षक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह संयोजक योगेश त्रिपाठी ने इटावा के दादरपुर गाँव में हुई घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दादरपुर की घटना एक झूठ और फर्जी पहचान से उपजे जनाक्रोश का नतीजा है। फिर भी, किसी भी व्यक्ति के साथ मारपीट, अभद्रता या हिंसा को किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। ऐसी स्थिति में आयोजकों को कानून और प्रशासन की सहायता लेनी चाहिए थी। घटना के बाद प्रशासन द्वारा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है, जो सराहनीय है।

# 'शेर-ए-पंजाब' महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह को 'शेर-ए-पंजाब' महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर उनका चित्र भेंट कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। चित्र भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में पूर्व महानगर अध्यक्ष सरदार एसपी सिंह, गगन सिंह अरोड़ा, बलप्रीत सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि द्वारा भेंट किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने महाराजा रणजीत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अदम्य साहस, देशभक्ति और न्यायप्रिय शासन की गौरवगाथा साझा की। सभी ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया और राष्ट्रभक्ति के उनके योगदान को याद किया। शेर-ए-पंजाब के नाम से प्रसिद्ध महाराजा रणजीत सिंह ने भारतीय इतिहास में वीरता, संगठन और सांप्रदायिक सौहार्द की अद्वितीय मिसाल पेश की। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

# वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वेश्वर टुडू पहुंचे अभिजीत मुखर्जी के आवास पर

## परिवारजनों से भेंट की और सबका कुशलक्षेम जाना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विश्वेश्वर टुडू निजी प्रवास के दौरान अभिजीत मुखर्जी महानगर मीडिया प्रभारी भाजपा युवा मोर्चा के आवास संजय नगर गाजियाबाद पहुंचकर परिवारजनों से भेंट की एवं सबका कुशलक्षेम जाना।

इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वर्तमान में जिला प्रतिनिधि भाजपा विनीत शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा श्रीचंद चौहान, भाजपा युवा नेता नितिन शर्मा एवं मुकेश शर्मा, अशोक मुखर्जी, तापसी मुखर्जी, गौतम चक्रवर्ती, डॉ ज्योति मुखर्जी आदि उपस्थित रहे। सभी ने मंत्री का पटके व प्रतीक चिन्ह से स्वागत किया।

# गाजियाबाद बना सुरक्षा एवं विकास का प्रतीक : अशोक कुमार गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के साथ शहर में जनप्रतिनिधियों पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में विचार विमर्श किया। सरकार की जनहित की नीतियों की चर्चा की।

गाजियाबाद शहर के आसपास के क्षेत्र लोनी, मुरादनगर, डासना, खोड़ा आदि को ग्रेटर गाजियाबाद में जोड़कर चतुर्मुखी विकास की योजना के सुझाव पर भी विचार विमर्श किया। गाजियाबाद जो कभी अपराध के लिए जाना जाता था आज सुरक्षा एवं विकास का प्रतीक बन गया है। अनेक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। परिचर्चा में नए लघु उद्यमियों को 5 लाख रुपए तक बिना ब्याज ऋण सभी के लिए कल्याण कारी निर्णयों, कांवड़ यात्रियों को सुविधा आदि विषयों पर चर्चा हुई।

# बसंतगढ़ में 14 महीनों में छह मुठभेड़ तीन जवान शहीद, सर्च ऑपरेशन जारी

**उधमपुर।** उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में पिछले 14 महीनों के दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच छह मुठभेड़ हुई हैं। इन सभी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के तीन जवान बलिदान हुए हैं। 24 अप्रैल, 2025 को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान, 28 अप्रैल, 2024 को वीडीजी बलिदान, 19 अगस्त, 2024 को सीआरपीएफ का एक जवान मुठभेड़ में बलिदान हुआ था।

इसके अलावा छह और 11 अगस्त, 2024, 11 सितंबर, 2024 को भी आतंकियों से मुठभेड़ हुई। इस क्षेत्र में 14 माह में आतंकियों की तलाश में 33 बार सर्च ऑपरेशन चलाए गए। यह ऑपरेशन सेना, सीआरपीएफ, एसओजी और पुलिस ने मिलकर चलाए हैं।



**बसंतगढ़ में सक्रिय आतंकी पूर्ण प्रशिक्षित, बार-बार चकमा देकर हो रहे फरार :** उधमपुर के बसंतगढ़ में घेरे गए आतंकी पाकिस्तान के हैं। जैश-ए मोहम्मद आतंकी संगठन के ये आतंकी बहुत ही प्रशिक्षित हैं, जो जंगल में रहने, नदी-नाले मिनटों में पार करने में माहिर हैं। यही कारण है कि ये लंबे समय से इलाके में सक्रिय हैं। बार-बार मुठभेड़ होने के बावजूद ये सुरक्षाबलों को चकमा देकर भाग जाते हैं।

इन आतंकियों के सांबा-कठुआ बॉर्डर से डेढ़ वर्ष पहले घुसपैठ करने की आशंका है। इसके बाद ये उधमपुर बसंतगढ़ क्षेत्र में पहुंच गए। तब से ही यह आतंकी सक्रिय हैं और समय-समय पर इनका सुरक्षाबलों से आमना-सामना हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि आतंकियों ने अपने लिए पूरे क्षेत्र में एक बड़ा नेटवर्क बना रखा है।

ऐसी जगह ठिकानों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, जिन पर किसी की नजर नहीं जाती। जांच एजेंसियों को ये भी शक है कि इन आतंकियों को स्थानीय स्तर पर ही रसद, आश्रय और अन्य सामान मुहैया करवाया जा रहा है। तभी ये इतने लंबे समय से इलाके में सक्रिय हैं। ये आतंकी स्थानीय स्तर पर रसद के लिए मददगारों से सीधा संपर्क नहीं करते। इनके लिए काम करने वाले ओजी वर्करों का पता लगाने के लिए भी खुफिया एजेंसियां जोर लगा रही हैं।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने 100 से ज्यादा देवी बसों को सड़कों पर उतारा

## नरेला ए-9 टर्मिनल का लोकार्पण किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज को दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरचेंज (देवी) योजना के तहत 100 से ज्यादा नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई। इसी के साथ नरेला ए-9 टर्मिनल का लोकार्पण किया। इस मौके पर परिवहन मंत्री पंकज सिंह भी मौजूद थे।






दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, आज हमने नरेला बस डिपो का उद्घाटन किया है और देवी इलेक्ट्रिक बसों को भी समर्पित किया है, 9 रूटों पर बसें चलेंगी। इन्हें बेहतरीन सुविधाओं से लैस किया गया है। ये डिपो सिर्फ तीन महीने में बनकर तैयार हुआ है। हमारी कोशिश है कि दिल्ली की सरकारी ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को इलेक्ट्रिक मोड पर लाया जाए, ट्रांसपोर्ट व्यवस्था अपडेट हो और जनता को कोई परेशानी न हो। धीरे-धीरे हम व्यवस्था को पटरी पर ला रहे हैं। दिल्ली रंग-बिरंगी है, कई रंगों का इस्तेमाल होना चाहिए, इसलिए प्रयोग के तौर पर हरे और नारंगी रंग की बसें शुरू की गई हैं, आज से रथ यात्रा शुरू हो रही है, ये रंग भगवान जगन्नाथ को समर्पित हैं।

इस दौरान पंकज सिंह ने कहा, 'आज बेहद खुशी और गर्व का दिन है। आज हम नरेला के 4,000 वर्ग मीटर एरिया में बने डीटीसी टर्मिनल के लोकार्पण के साथ डीटीसी देवी के बेड़े में नई बसों को जोड़ रहे हैं। नरेला बस टर्मिनल का लोकार्पण और देवी बसों की सौगात आने वाले समय में दिल्ली में परिवहन में एक नई दिशा प्रदान करेगी। डीटीसी टर्मिनल में बस ड्राइवरों और कर्मचारियों के लिए सुविधा उपलब्ध हैं।

# कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के कस्बा इलाके में एक लॉ छात्रा से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह हमला कथित तौर पर बुधवार को शाम को हुई। गिरफ्तार किए गए तीन लोगों में दो मौजूदा छात्र हैं और तीसरा एक पूर्व छात्र है। आरोपी के वकील आजम खान ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है। महिला ने आरोप लगाया है कि कॉलेज परिसर में उसके साथ कुकर्म किया गया। कोर्ट ने मंगलवार, 1 जुलाई तक पुलिस हिरासत दी है।



पीड़ित की शिकायत के बाद कस्बा पुलिस स्टेशन ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों में 31 साल के मोनोजीत मिश्रा (कॉलेज के पूर्व इकाई अध्यक्ष), 19 साल के जैब अहमद और 20 साल के प्रमित मुखर्जी (प्रमित मुखोपाध्याय) शामिल हैं। दो आरोपियों मोनोजीत और अहमद को 26 जून की शाम को कोलकाता में तालबगान क्रॉसिंग के पास सिद्धार्थ शंकर शिशु रॉय उद्यान के सामने से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए। तीसरे आरोपी प्रमित को 27 जून को सुबह 12.30 बजे उनके घर से गिरफ्तार किया गया और उनका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया।

**पुलिस ने क्या कहा? :** पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि कोलकाता में एक कॉलेज छात्रा के साथ उसके दो वरिष्ठ छात्रों और शिक्षण संस्थान के एक पूर्व छात्र ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया।

# 100 साल की उम्र में स्तन कैंसर की बीमारी को दी मात

## डब्ल्यूएचओ के अनुसार, साल 2023 में कैंसर से लगभग एक करोड़ लोगों की मृत्यु हुई

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कैंसर की बीमारी मौत का प्रमुख कारण बनी हुई है, हर साल इससे लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, साल 2023 में कैंसर से लगभग 10 मिलियन (एक करोड़) लोगों की मृत्यु हुई, ये प्रतिदिन लगभग 26,300 मौतों के बराबर है। 2050 तक कैंसर के मामलों में और भी बढ़ोतरी को लेकर विशेषज्ञों ने चिंता जताई है।



### महिलाएं खुद से करती रहें जांच

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्रारंभिक स्तर पर स्तन कैंसर की पहचान और उपचार से इसके पूर्ण रूप से ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है। भले ही आप स्वस्थ हैं फिर भी स्तन की निरंतर जांच जरूर करते रहें।

20 से अधिक उम्र की सभी महिलाओं को नियमित रूप से अपने स्तनों की खुद से जांच करते रहना चाहिए। अगर आपके स्तन के आकार में कोई बदलाव नजर आता है या फिर छूने पर किसी तरह की गांठ महसूस होती है तो आपको सावधान हो जाना चाहिए।

अधिकांश महिलाओं में स्तन कैंसर के मामले में शुरूआत में इन दोनों लक्षणों का अनुभव होता है। स्तनों में दर्द रहना या निप्पल से किसी प्रकार का डिस्चार्ज होते रहना भी अलार्मिंग है, जिसको लेकर सभी लोगों को सतर्कता बरतनी चाहिए।

महिलाओं में स्तन कैंसर के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। इस रोग का खतरा 20 से लेकर 100 साल तक सभी उम्र की महिलाओं में देखा जा रहा है।

एक हालिया रिपोर्ट में 100 साल की उम्र में अमेरिका में लेयने हॉरविच नामक महिला में ब्रेस्ट कैंसर का पता चला। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉक्टरों ने उनमें स्टेज 1 ब्रेस्ट कैंसर का निदान किया, हालांकि अच्छी खबर ये है कि एक साल के भीतर ही वह इस बीमारी को मात भी दे चुकी हैं और 101 साल की उम्र में, वह कैंसर मुक्त हो गई हैं।

हॉरविच अपनी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए सक्रिय जीवनशैली को श्रेय देती हैं, 90 की उम्र तक वह टेनिस खेलती थीं।

लेन की ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. कैथरीन पेस कहती हैं, 100 साल की उम्र में कैंसर होने पर कुछ ही लोग शायद ठीक हो पाएं या इससे मुकाबले का विकल्प चुनते हैं। हालांकि उन्होंने दवाओं और अन्य उपचार प्रक्रियाओं के साथ सक्रिय जीवनशैली और स्वास्थ्य को ठीक रखने वाले आहार पर ध्यान दिया। लिहाजा एक साल के भीतर ही वो कैंसर फ्री हो गई हैं।

चूंकि ये बीमारी सभी उम्र की महिलाओं को प्रभावित करती है, इसलिए कम उम्र से ही ब्रेस्ट कैंसर को लेकर अलर्ट हो जाना जरूरी है।

**20 से 100 साल की उम्र तक, कोई भी हो सकता है इसका शिकार :** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, 100 साल की महिला में स्तन कैंसर होना दुर्लभ है, लेकिन यह असामान्य नहीं है। स्तन कैंसर का जोखिम आम तौर पर उम्र के साथ बढ़ता है। पर हाल के वर्षों में 20 की उम्र वाली लड़कियों से लेकर 100 साल तक की महिलाओं को इसका शिकार पाया गया है।

अधिकांश महिलाओं में स्तन कैंसर का निदान 50 वर्ष की आयु तक होता है।

कुछ युवा महिलाओं में निदान के समय कैंसर काफी अधिक उन्नत हो सकता है और इसका इलाज करना भी कठिन हो सकता है।

# सीएम के काफिले की गाड़ी में भर दिया मिलावटी डीजल! पेट्रोल पंप किया सील

**रतलाम।** मध्य प्रदेश से चौंका देने वाली खबर सामने आई है। सीएम मोहन यादव के काफिले की लगभग 19 गाड़ियां अचानक से बंद हो गईं। सभी गाड़ियों में डोसीगांव के पेट्रोल पंप से डीजल भरवाया था। मिलावट की आशंका में पेट्रोल पंप भी सील कर दिया गया है।



बता दें कि ये सभी गाड़ियां मध्य प्रदेश के रीजनल इंडस्ट्रियल समिट के लिए इंदौर आई थीं। रास्ते में डोसीगांव स्थित भारत पेट्रोलियम के शक्ति फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर ही रुक गईं। इसके बाद प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। जांच की गई। इसमें भी चौंकाने वाला मामला सामने आया। डीजल में पानी की मिलावट मिली है। बताया जा रहा है कि इसी पानी मिले डीजल से सीएम के काफिले की गाड़ियों के इंजन फेल हो गए। कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप सील कर दिया गया है। इंदौर से दूसरी गाड़ियां मंगवाई गईं। इधर पेट्रोल पंप मैनेजर ने बारिश में पानी रिसाव की बात कही है। हालांकि विस्तृत जांच के बाद मामला साफ हो सकेगा।

**आज होना है रीजनल कॉन्क्लेव :** रतलाम में आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड इम्प्लॉइमेंट कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन होना है। मुख्यमंत्री के काफिले के लिए गुरुवार रात इंदौर से 19 गाड़ियां मंगवाई गई थी। इन गाड़ियों में जब रतलाम के डोसीगांव स्थित पेट्रोल पंप से गाड़ियों में डीजल भरवाया गया जिसके बाद थोड़ी दूर पहुंचने के बाद एक एक कर सारी गाड़िया बंद हो गईं, जिससे प्रशासन सकते में आ गया। प्रशासन ने रात को पेट्रोल पंप पहुंचकर जांच की और पेट्रोल पंप सील कर दिया। गाड़ियों के टैंक खोलकर देखे गए तो उनमें डीजल के साथ पानी निकला। मालूम पड़ा कि गाड़ी में 20 लीटर डीजल डलवाया तो उसमें 10 लीटर पानी निकला।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...









# हाउस टैक्स नहीं हुआ कम, तो समाजवादी पार्टी करेगी आंदोलन : राकेश यादव

## मुख्यमंत्री से मिलेगा समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल



### जनता पर नहीं पड़ने देंगे अतिरिक्त बोझ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स का विरोध अबतक उनके वर्तमान एवं पूर्व पार्षद कर रहे थे। तो अब समाजवादी पार्टी में भी इस मामले में मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को गोविंदपुरम स्थित इंपीरियल हेरीटेज बैंक्विट हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी एवं मंत्री रहे राकेश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा है कि गाजियाबाद नगर निगम मनमाने ढंग से टैक्स की वसूली कर रहा है। नियमों को दरकिनार करते हुए लोगों से अधिक पैसा वसूला जा रहा है। उनको बढ़े हुए बिल भेजे जा रहे है। इस दौरान राकेश यादव ने घोषणा की है कि अगर टैक्स कम नहीं किया जाएगा तो समाजवादी पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी। साथ ही इस पूरे विषय को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिए समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ भी जाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए राकेश यादव ने कहा है कि सीएम कहते हैं कि वह आमजन का ध्यान रखते हैं, तो इस ओर उनका ध्यान क्यों नहीं जा रहा है।

पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने कहा कि अगर टैक्स वृद्धि को लेकर गाजियाबाद में इस तरह लूट मचाई जा रही है, तो बलिया से लेकर बस्ती तक इसका संदेश पहुंचाया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री राकेश यादव ने सत्ता पक्ष के लोगों पर जनता का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। तो वहीं उन्होंने कहा है कि अगर गाजियाबाद नगर निगम के पास किसी प्रकार का वित्तीय संकट है ,तो इसके लिए वह सरकार या मुख्यमंत्री को लिखे। इस तरीके से जनता का दमन ना किया जाए।



### बड़े प्रतिष्ठानों के बिल पर क्यों दी जा रही है मोहलत

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री रहे और एमएलसी राकेश यादव ने गाजियाबाद नगर निगम के सिस्टम और अधिकारियों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि गाजियाबाद के बड़े प्रतिष्ठान जिम, होटल और मॉल हैं उन्होंने दो प्रमुख संस्थाओं के नाम लेते हुए कहा है कि नगर निगम के अधिकारी अपनी मिली भगत करते हुए यहां के बिल पर मोहलत दे रहे हैं। इसकी जांच होनी चाहिए, उन्होंने कहा है कि इस मामले में वह पत्र भी लिखेंगे और गाजियाबाद जिलाधिकारी और नगर आयुक्त से मांग करेंगे। इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा है कि अगर आम जनता पर टैक्स का बोझ डाला जा रहा है, तो इन बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों पर भी निष्पक्ष तरीके से टैक्स लगाया जाए।

### राकेश यादव ने कहा, आय बढ़ाने के लिए एडवरटाइजिंग पोल सिस्टम में है गड़बड़ी

करंट क्राइम : पूर्व मंत्री राकेश यादव ने इस दौरान नगर निगम के ऊपर सवाल उठाते हुए कहा है कि अगर नगर निगम के पास फंड की कमी है और तो आय बढ़ाने के लिए एडवरटाइजिंग बोर्ड में जो स्टे की आड पर उनसे वित्तीय रॉयल्टी नहीं ली जा रही है, वह भी वसूल की जानी चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह कोर्ट स्टे और अन्य फैसलों का सम्मान करते हैं और कोर्ट के आदेश का पालन भी होना चाहिए। पर कोर्ट स्टे के नाम पर जिस तरीके से मिली भगत करते हुए इन कंपनियों से नगर निगम को जो धनराशि जमा कराई जानी चाहिए वह नहीं जमा कराई जा रही है, इसकी भी निष्पक्ष जांच हो।

### बीजेपी के पार्षदों की तारीफ कर गए सपा के पूर्व मंत्री राकेश यादव

करंट क्राइम : शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राकेश यादव पत्रकारों से बातचीत करते हुए हाउस टैक्स के विषय पर बोल रहे थे, तो उन्होंने इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के उन पार्षदों की तारीफ की जिन्होंने हाउस टैक्स के बढ़े हुए बिल और मुद्दे को लेकर आम जनता के लिए आवाज बुलंद की। उन्होंने अपने नेताओं को पत्र लिखने के साथ ही नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स के बढ़े हुए विषय पर बोर्ड बैठक बुलाने के लिए जिस तरीके से दबाव बनाया, उसकी भी तारीफ की गई है। राकेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने उस जनता का तो ख्याल रखा जिन्होंने इन्हें अपना वोट देकर चुनाव है।

### राकेश यादव ने पेयजल आपूर्ति और कानून व्यवस्था पर भी उठाए सवाल

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था की स्थिति गाजियाबाद और प्रदेश में बेहतर होने का दावा किया, तो सपा नेता राकेश यादव ने इस पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से मुरादनगर में थाने के बाहर युवक की गोली मारकर हत्या की गई, वह हैरान करने वाला है। तो उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में मिश्रित आबादी वाले इलाकों और गरीब जनता को कई कई दिनों तक पानी नहीं मिल रहा है, यह कैसा न्याय है। उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि हम सबका साथ और सबका विकास करते हैं लेकिन कथनी और करनी में अंतर नजर आने लगा है। इस मौके पर प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री राकेश यादव समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, जिला महासचिव नितिन त्यागी, महानगर महासचिव राजन कश्यप, प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ सपा नेता अभिषेक गर्ग, पार्षद रहे आरिफ मलिक ,मोहम्मद कल्लन, आसिफ चौधरी और संजू चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जब सपा पदाधिकारियों से पहले पहुंचे पूर्व मंत्री राकेश यादव

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ सपा नेता राकेश यादव सोमवार को गाजियाबाद के गोविंदपुरम हाउस टैक्स वृद्धि के विषय को लेकर पत्रकारों से बातचीत करने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम का समय 11:30 बजे का था और पूर्व मंत्री करीब 11:20 पर पहुंच गए। जब वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, तो सपा का कोई भी नेता एवं पदाधिकारी नजर नहीं आ रहा था। इसके बाद उन्होंने एक-एक करके कई पदाधिकारियों को फोन मिलाएं। जिसके कुछ देर बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होने वाले सभी नेता पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने इसको लेकर नाराजगी और हैरानी भी जाहिर की।

---

### महिला सशक्तिकरण को निगम दे रहा है बढ़ावा

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बनाया गोबर से प्राकृतिक पेंट

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया मोटिवेट







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रॉपीज 2025 मेयर्स चैलेंज के अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम स्वच्छता मे श्रेष्ठ कार्यों हेतु विश्व के टॉप 50 नगर निकायों में शामिल हुआ, जिसकी प्रशंसा उत्तर प्रदेश के सीएम द्वारा भी की गई नगर निगम एक्शन में दिखाई दे रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा स्वयं सहायता समूह की 60 महिलाओं के साथ बैठक की गई तथा गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए मोटिवेट किया गया। महिलाओं द्वारा उत्साह पूर्वक गाजियाबाद नगर निगम के साथ जुड़कर कार्य करने के लिए अपना कदम आगे बढ़ाया गया। गाजियाबाद नगर निगम के 100 वार्डों में से दो वार्डों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गोबर से बने प्राकृतिक पेंट का उपयोग किया जाएगा जो की जनहित में लाभदायक सिद्ध होगा।

### ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रॉपीज 2025 मेयर्स चैलेंज में नगर निगम को मिलेंगे 50 लाख : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रॉपीज 2025 मेयर्स चैलेंज मे गाजियाबाद नगर निगम भी 630 नगर निकायों में से 50 टॉप नगर निकायों के साथ शामिल हुआ है, जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम को $50 हजार डॉलर भी कार्य के लिए मिलेंगे जो कि गाजियाबाद के लिए सराहनीय है। कार्यवाही के उपरांत अंतिम रूप से शामिल हुए दोनों सुझाव जिसमें हाईराइज सोसाइटियों से निकलने वाले गीले कचरे से खाद बनाने की प्रणाली को बढ़ाया जाएगा, तथा गोबर से पेंट बनाने की कार्य प्रणाली को भी प्रारंभ किया जाएगा जिससे नालियों में बहने वाले गोबर पर भी रोक लगेगी तथा प्राकृतिक पैंट बनने के बाद पायलट प्रोजेक्ट के रूप में दो वार्डो में इस्तेमाल भी किया जाएगा जिससे गर्मी के तापमान में कमी आने से लाभ प्राप्त होगा। स्वयं सहायता समूह की 60 महिलाओं के साथ बैठक की गई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से कई वस्तुएं बनाई जाती है जो की प्रशंसनीय है। इसी क्रम में गोबर से पेंट बनाने की कार्यवाही भी प्रारंभ की जाएगी जिसकी संपूर्ण जानकारी बैठक में दी गई।

### गोबर से बनी वस्तुओं की नगर आयुक्त ने खरीदारी कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का किया उत्साहवर्धन

करंट क्राइम। डॉ. अनुज द्वारा बताया गया कि सभी जोन से गोबर को इकट्ठा करने की कार्यवाही को बढ़ाया जाएगा, नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में गोबर से पेंट बनाने के लिए प्लांट भी लगाने की तैयारी की जाएगी जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से पेंट बनाया जाएगा



जो कि प्राकृतिक पेंट पायलट प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में सहयोग करेगा। नगर निगम की योजनाओं से पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा शहर हित में किया जा रहे कार्यों से राजस्व की भी बढ़ोतरी होगी। गाय के गोबर से बनने वाली धूप बत्ती, अगरबत्ती, लक्ष्मी गणेश मूर्ति तथा दिए व अन्य वस्तुओं को जो गोबर से बनती है स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बारी-बारी प्रस्तुत किया गया। नगर आयुक्त द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विशेष प्रोजेक्ट से जोड़ा गया तथा बैठक में उपस्थित सभी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया गया। बैठक के उपरांत नगर आयुक्त द्वारा गोबर से बनी हुई वस्तुओं की खरीदारी भी की गई जिससे महिलाओं का उत्साहवर्धन हुआ। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि टॉप 50 से टॉप 25 में शामिल होने पर गाजियाबाद नगर निगम को वन मिलियन डॉलर की प्राप्ति होगी जिसके लिए बेहतर कार्य करने के लिए योजना बनाई जा रही है जो की सफल रहेगी। बैठक में डूडा विभाग से परियोजना अधिकारी संजय पथरिया में अन्य टीम उपस्थित रही।

---

# जिस बढ़े हुए टैक्स को लेकर व्यापार मंडल, आरडब्लूए और भाजपा के ही पार्षदों में है रोष

## मुख्यमंत्री के सामने क्यों रहे पूर्व और मौजूदा जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर खामोश

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिस भगवागढ़ में लोकसभा में सांसद को बनारस और लखनऊ से बड़ा जनादेश मिला है। जिस भगवागढ़ में देश की सबसे बड़ी विधानसभा में भाजपा को सबसे बड़ी जीत मिली है। जिस भगवागढ़ में 1995 से लेकर आज तक मेयर सीट पर भाजपा का कब्जा है। जिस भगवागढ़ में 100 में से 75 पार्षद भाजपा के हैं उस भगवागढ़ में हाउस टैक्स बढ़ाये जाने के विरोध में विपक्ष तो खामोश रहा लेकिन मोर्चा भाजपा में खुल गया। भाजपा के पार्षदों ने बैठकें की। भाजपा के पूर्व पार्षदों ने प्रेस कान्फ्रेंस की। हाईकोर्ट गये और भाजपा समर्थित व्यापार मंडलों ने मोर्चा खोल रखा है।

भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने बोर्ड बैठक में आने की बात कही है। विधायक, पूर्व मेयर बढ़े हुए टैक्स को गलत बता रहे हैं। विशेष बैठक 30 जून को बुला ली गई है। लेकिन हैरानी तब हुई जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आये और वो भाजपा के जनप्रतिनिधियों से, पूर्व जनप्रतिनिधियों से और संगठन के पदाधिकारियों से रूबरू हुए। उन्होंने पुलिस भर्ती की बात पूछी। मंडल गठन की बात पूछी और पूछा कि किसी को कुछ कहना है। यहां किसी ने वायु प्रदूषण की बात कही, किसी ने रिवर फ्रंट की बात की।

लेकिन बड़ी हैरानी तब हुई जब किसी ने भी फ्रंट पर आकर बढ़े हुए हाउस टैक्स और इस हाउस टैक्स को लेकर हो रहे विरोध के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला। जनता की आवाज जनप्रतिनिधि होते हैं और जब सरकार सामने हो तो जनता की आवाज बन कर जनप्रतिनिधि ही बात रखते हैं। भाजपा के पार्षद भी हैरान हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि हमारी बात को हमारे ही जनप्रतिनिधि हमारे ही मुख्यमंत्री के सामने नहीं रख पाये। मुख्यमंत्री के सामने पूर्व मेयर अशु वर्मा, आशा शर्मा मौजूद थे। वो कह सकते थे। पूर्व विधायक रूप चौधरी मुखर तरीके से बात रखते हैं, उन्होंने भी कुछ नहीं कहा। जो मौजूदा जनप्रतिनिधि हाउस टैक्स को पार्षदों के सामने गलत बता रहे हैं वो भी खामोश रहे। संगठन वाले तो कुछ बोले ही नहीं। सवाल यही उठ रहा है कि जिस बात को लेकर जनता में रोष है, जिस बात को लेकर भाजपा के पार्षदों में रोष है, जिस बात को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधि अपनी राय रख चुके है आखिर उस बात को मुख्यमंत्री के सामने रखने से भाजपा के जनप्रतिनिधि क्यों परहेज करते रहे। अगर ये बढ़ोत्तरी जनता पर बोझ है तो फिर जनप्रतिनिधि इस विषय पर मुख्यमंत्री के सामने राय रख सकते थे। जिस बढ़ोत्तरी के विरोध में निगम की बोर्ड बैठक में राय रखी जायेगी। आखिर उस विषय को मुख्यमंत्री के सामने रखने में क्यों परहेज किया गया। ये सवाल अब भाजपा पार्षद खेमे से लेकर व्यापार मंडलों तक उठा है। ये सवाल आरडब्लूए से लेकर जनता के बीच चर्चा का विषय बन रहा है। खुद पार्षद इस बात को कह रहे हैं कि जो जनप्रतिनिधि हमारे साथ हैं आखिर वो हमारी ही बात को सीएम के सामने रख सकते थे। हम भी तो जनता के चुने हुए पार्षद हैं और जनता की ही आवाज उठा रहे हैं। वहीं भाजपा के अंदरूनी सूत्र बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री से कुछ पूछने या कहने की स्क्रिप्ट पहले ही लिखी जा चुकी थी। ऐसे में टैक्स वाले मामले को लेकर कुछ कहने का औचित्य नहीं था।

वहीं दूसरी तरफ भाजपा के ही मौजूदा और पूर्व पार्षद इस बात को लेकर रोष में है कि जिस विषय को लेकर हम लगातार विरोध कर रहे हैं और पत्र दे रहे हैं। आखिर उस बात को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने में क्या हर्ज था। बहरहाल अब 30 जून को निगम की स्पेशल बोर्ड बैठक होनी है और इस बैठक में जनप्रतिनिधियों का रूख भी पता चल जायेगा।

---

# आपातकाल के अनुभव रहे कुछ ऐसे : बालेश्वर त्यागी



> मैंने उस तरह से तो सरकार की आलोचना नहीं की थी कि उसे खुली चुनौती दी हो लेकिन अपनी बात कहने की स्वतंत्रता पर अंकुश को गलत बताया था। आपात काल में ये कहना भी गंभीर अपराध माना जाता था।

> वैसे भी लगता था कि अब कभी लोकतंत्र नहीं आएगा। जो जेल में हैं, उनका जीवन जेल में ही बीतेगा। इन परिस्थितियों में मै भी खूब डर गया। लेकिन मैने अपने डर को कभी सार्वजनिक नहीं किया।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जब आपात काल लगा तब तक गाजियाबाद तहसील ही था। वैसे सिविल जज गाजियाबाद में बैठते थे।बागपत की सिविल जज का क्षेत्राधिकार गाजियाबाद सिविल जज को ही था। उनके मुकदमों की सुनवाई भी गाजियाबाद में होती थी। उन दिनों गाजियाबाद में घनानंद पंत एसडीएम थे। सिविल जज ने बार और बैंच की एक बैठक बुलाई उसमें घनानंद पंत भी आमंत्रित थे। अब मुझे विषय तो याद नहीं लेकिन कई वकीलों ने अपने विचार रखे। उस समय हम बहुत जूनियर वकील थे। 1972 में हमने वकालत प्रारंभ की थी। और ये बात 1975 की थी। लेकिन छात्र राजनीति में सक्रिय रहने के कारण अपनी बात कहने का हौसला पहले से ही था। हमने भी अपना मत रखने की स्वतंत्रता पर विचार रखते हुए उस पर अंकुश को गलत कह दिया। हमें तो उसमें कुछ भी गलत नहीं लगा लेकिन कई वरिष्ठ वकीलों ने हमें नसीहत दी और कहा कि आपको जज द्वारा बुलाई गई मीटिंग में सरकार की आलोचना नहीं करनी चाहिए थी। जज तो भले आदमी हैं ये तो इस बात को अनदेखा कर देंगे लेकिन एसडीएम तो प्रशासन के व्यक्ति हैं वह जरूर इसका नोटिस लेंगे। इससे जज साहब भी असहज होंगे।

मैंने उस तरह से तो सरकार की आलोचना नहीं की थी कि उसे खुली चुनौती दी हो लेकिन अपनी बात कहने की स्वतंत्रता पर अंकुश को गलत बताया था। आपात काल में ये कहना भी गंभीर अपराध माना जाता था। केवल वकील और जजों की सभा होने के कारण मैने आलोचना करने का साहस दिखा दिया। बाद में मुझे मेरे साथी वकीलों ने मुझे खूब डराया कि एसडीएम स्वय पुलिस को आदेश देकर गिरफ्तार करा देंगे। उस समय एक दम डर का माहौल था। जो पकड़ा गया उसकी कोई सुनवाई नहीं होती थी। राजनैतिक लोगों के साथ तो प्रशासन खूब बदसलूकी करता था। सार्वजनिक रूप से पिटाई तक की जाती थी। बरेली के तो एक छात्र नेता राजेंद्र अटल के तो नाखून भी प्लास से खींच लिए थे। वैसे भी लगता था कि अब कभी लोकतंत्र नहीं आएगा। जो जेल में हैं, उनका जीवन जेल में ही बीतेगा। इन परिस्थितियों में मै भी खूब डर गया। लेकिन मैने अपने डर को कभी सार्वजनिक नहीं किया।

एलआईयू पुलिस की एक गुप्तचर यूनिट है, उसमें एक सिपाही कुछ संघ के विचारों से प्रभावित था। उसने हमें बताया कि एसडीएम घनानंद पंत ने आपके प्रकरण में स्वय से कोई एक्शन नहीं लिया। उन्होंने एक पत्र लिखकर कलेक्टर मेरठ को आपकी शिकायत कर दी। कलेक्टर मेरठ से वह पत्र रूटीन में एसएसपी मेरठ को मार्क हो गया और एसएसपी मेरठ से एलआईयू गाजियाबाद को रिपोर्ट के लिए भेज दिया। एलआईयू में भी वह पत्र उस सिपाही को ही मिल गया जो संघ से कुछ सहानुभूति रखता था। इस प्रक्रिया में कई महीने निकल गए और समय गुजरने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया। उस सिपाही के आश्वासन पर हम भी निर्भय हो गए।

## संपादकीय

# नए जिक्र, पुरानी मिट्टी

बारिश अब घाव की तरह, तेरे आंगन तक एब की तरह। अभी बारिश खुद नहाई नहीं, फिर भी इस नुकसान की भरपाई नहीं। कुल्लू का दर्द समेटें या धर्मशाला की खड्ड से शव समेटें, इस कोहराम में कातिल हम ही हैं। हमारे सन्नाटे पुन: मानसून ने तोड़े, अब हमें मालूम हुआ कि गलतियां वही पुरानी रही हैं। विनाश के तहखाने में हमारे विकास की योजनाएं और हम इतरा रहे हैं कि चांद सितारे तोड़ लाएंगे। जिन्होंने कुल्लू में बहती हुई गाडिं देखीं, धर्मशाला में बहते हुए शव देखे, उनकी आंखों ने गवाही दी है कि कहीं पहाड़ का पहाड़ पर कत्ल हो रहा है। असंतुलित मौसम के किरदार को भले ही हम बादलों के फटने का कसूरवार ठहराएं, लेकिन जहां प्राकृतिक जल रिसाव के मार्ग पर बाधाएं उत्पन्न हो रहीं, वहां कुछ तो सोचना होगा। पिछले कुछ दशकों की प्रगति ने हमारे सोच को निर्माण सामग्री और हमारी प्रगति को प्रतिस्पर्धा बना दिया। कसूरवार हिमाचली विकास को बची जमीन है या तमाम बाधाओं के साथ सीना तानकर खड़े जंगल है। हमने जंगल में सिर्फ पर्यावरण के प्रतीक देखे हैं, लेकिन यह नहीं देखा कि इसने भूमि के अभाव में प्रदेश की मानसिकता बदल दी। लोगों ने अपनी मिलकीयत में फंसे खड्डों के मुहाने, सीधे पहाड़ के कारनामे और जल रिसाव के रास्ते बदल दिए। अपनी जमीन को जंगल में खो चुका हिमाचल किस तरफ पांव बढ़ाए। घर बनाना ही महंगा है इस कद्र कि अब बचाने की क्षमता नहीं रही। त्वरित निर्माण की विधियों ने इससे कहीं आगे निकलकर पहाड़ी वास्तुशैली के बजाय सिर्फ फटाफट निर्माण का कौशल सीख लिया। फटाफट धन कमाने, आधिपत्य जमाने और अवसरों की खुदाई में हम भूल गए कि प्रकृति की आत्मा हमेशा से नाजुक जमीन की तरह है। यहां नए जिक्र, पुरानी मिट्टी पर हो रहे हैं। यानी हमारी चुनौतियां बिलकुल नई हैं, लेकिन नसीहत की मिट्टी पुरानी है। ऐसे में हिमाचल में प्राकृतिक विनाश के समाधान के लिए हमें प्रकृति के पास जाना होगा। यह कैसे संभव है कि एक ओर हिमाचल या किसी अन्य पहाड़ी प्रदेश को सारे देश के मैदानी राज्यों की परेड में खड़ा करके एक समान दौडे को कहा जाए, लेकिन विकल्प कोई न दिया जाए। हम जिसे पहाड़ या पहाड़ पर जंगल समझ रहे हैं, वह एक सीमित नजरिया है। हमें सीमित तर्क से समझा दिया गया है कि यहां पर्यावरण एक खौफ है, जीने की बाधा है और हर मंजिल की यही जेल है। धर्मशाला या किसी भी क्षेत्र की विद्युत परियोजना को लाभकारी क्षमता में उकेरने के लिए उपयुक्त जमीन की उपलब्धता व पर्यावरण अनुमतियां ठुकराई जाएंगी, तो जुगाड़ के लिए आत्मघाती कदम ही लिए जाएंगे। आज हम कह सकते हैं या यह प्रश्न वजिब है कि बिजली परियोजना के कर्मचारियों की बस्ती खड्ड के करीब क्यों बसी, लेकिन उस स्थिति में क्या जंगल की जमीन उदार होकर मानव सुरक्षा के लिए दो बीघे उपलब्ध हो जाती। मांगने पर जंगल बाड़ लगा देता है, लेकिन ढहने पर जान-माल बर्बाद करता है। अगर पर्यावरण केवल जंगल है, तो पर्यावरण के साथ जल संसाधन क्यों नहीं जुड़ते हैं। पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा को जल, जंगल और जमीन के संतुलन में देखना होगा।

# विवाद समाधान पोर्टल एमएसई को भुगतान में देरी के मामलों की सुनवाई में तेजी लाएगा: राष्ट्रपति मुर्मू



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को शुरू किया गया ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल सूक्ष्म व लघु उद्यमों को विलंबित भुगतान से संबंधित मामलों में शीघ्र सुनवाई और निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह बात कही है। विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर बोलते हुए, राष्ट्रपति मुर्मू ने एमएसएमई के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को वित्त तक पहुंच, बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा और भुगतान में देरी जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप पंजीकृत एमएसएमई की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने कहा, आज (शुक्रवार) शुरू किया गया ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल विलंबित भुगतान से संबंधित मामलों में शीघ्र सुनवाई और निर्णय लेने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# असम में कच्चे तेल के कुएं से 16 दिनों से जारी गैस रिसाव पर पाया गया काबू

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि शिवसागर जिले के कुएं नंबर आरडीएस- 147ए से हो रहे गैस रिसाव पर ओएनजीसी ने पूरी तरह नियंत्रण पा लिया है। औएनजीसी बिना किसी जनहानि के कुएं को बंद करने में कामयाब हुई है। 12 जून से कुएं से गैस रिसाव शुरू हुआ, जिसके बाद आसपास के निवासियों को स्थानांतरित होने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने असम के सिवसागर जिले के कुएं नंबर आरडीएस-147ए के गैस रिसाव को सफलतापूर्वक नियंत्रण कर लिया है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह जानकारी दी। मंत्री ने सोशल मीडिय एक्स पर इससे संबंधित के पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि गैस ब्लोआउट को सुबह 11:15 बजे नियंत्रण किया कर लिया गया। यह रिसाव 12 जून से शुरू हुआ था और सभी बेहतरीन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए इसे कम से कम समय में सफलतापूर्वक कैप कर दिया गया।



### बिना किसी जनहानि के पाया गया नियंत्रण - मंत्री

उन्होंने कहा कि ओएनजीसी की संकट प्रबंधन टीम ने अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की मदद से इस यह कार्य पूरी सावधानी, सर्वोत्तम तकनीकों और उच्च स्तरीय सुरक्षा उपायों के साथ बिना किसी चोट, दुर्घटना या आग के संपन्न किया। पेट्रोलियम मंत्री ने जमीनी स्तर पर टीम को सहयोग देने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और राज्य सरकार के अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री हिमंत ने जवाब में कहा कि सबसे बढ़कर मैं शिवसागर के बहादुर पुरुषों और महीलाओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। इन लोगों ने पिछले दो सप्ताहों से असाधारण स्तर की दृढ़ता दिखाई और सभी संबंधित एजेंसियों के साथ भरपूर सहयोग किया।

### 16 दिन से हो रहा था गैस रिसाव

12 जून को शिवसागर जिले के बारीचुक भटियापार में ओएनजीसी के कुएं नंबर आरडीएस-147ए में सर्विसिंग ऑपरेशन के दौरान गैस विस्फोट की घटना हुई थी। कुएं से गैस का रिसाव होने लगा, जिससे आसपास के गांव में रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों को वहां से स्थानांतरित कर दिया गया। महारत्न ओनजीसी भारत की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी है, जो घरेलू उत्पादन में लगभग 71 प्रतिशत का योगदान देती है।

# भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनी

**नई दिल्ली।** व्हाइट हाउस में 'बिग ब्यूटीफुल इवेंट' को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनका बड़ा समझौता होने जा रहा है। इस बीच उन्होंने चीन के साथ समझौता होने की भी बात कही। हालांकि, ट्रंप ने यह साफ नहीं किया है कि चीन और अमेरिका के बीच किस तरह का सौदा हुआ है और भारत के साथ कब और कैसे व्यापार समझौते का एलान किया जाएगा।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को भारत के साथ बहुत बड़े और शानदार व्यापार समझौते का संकेत दिया। यह बात दोनों देशों के अधिकारियों की टीम की ओर से व्यापार समझौते पर चार दिवसीय बंद बातचीत के कुछ सप्ताह बाद कही गई। यह बातचीत बंद कमरे में की गई थी। व्हाइट हाउस में 'बिग ब्यूटीफुल इवेंट' को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनका बहुत बड़ा सौदा होने जा रहा है। ट्रंप ने कहा, 'हर कोई सौदा करना चाहता है। उसका हिस्सा बनना चाहता है। याद कीजिए कुछ महीने पहले मीडिया कह रही थी कि क्या वाकई कोई ऐसा है, जिसकी कोई दिलचस्पी हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन सौदे कर रहे हैं। हम एक और सौदा करने वाले हैं, शायद भारत के साथ। बहुत बड़ा सौदा।'

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मकसद

मामले से परिचित लोगों ने बताया कि मेगा व्यापार सौदे पर चार दिवसीय वार्ता में कथित तौर पर दोनों देशों में औद्योगिक और कृषि उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच, टैरिफ में कटौती और गैर-टैरिफ अड़चनों पर मुख्य रूप से फोकस किया गया था। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों ने किया था, जबकि व्यापार मंत्रालय के वातार्कारों की भारतीय टीम का नेतृत्व राजेश अग्रवाल (वाणिज्य एवं उद्योग सचिव) ने किया था।

# नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत नए रोल में

## कनाडाई अरबपति की कंपनी में बने वरिष्ठ सलाहकार

**नई दिल्ली।** कनाडाई अरबपति प्रेम वत्स की कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि उसने नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत को वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया है। फेयरफैक्स ने एक बयान में कहा कि पूर्व जी-20 शेरपा कांत की आर्थिक विकास, नवाचार और सतत विकास में व्यापक विशेषज्ञता से भारत में कंपनी के दीर्घकालिक निवेश दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है।



बयान के अनुसार, चूंकि भारत 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी रोडमैप पर काम कर रहा है, फेयरफैक्स को उम्मीद है कि इसके और इसके सहयोगियों, जिसमें फेयरफैक्स इंडिया होल्डिंग्स कॉरपोरेशन (फेयरफैक्स इंडिया) भी शामिल है, के लिए 'विकसित भारत' पहल में भाग लेने और लाभ उठाने के कई अवसर होंगे, जिसका उद्देश्य भारत को 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था से 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था में बदलने में मदद करना है। फेयरफैक्स के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रेम वत्स ने कहा, हम अमिताभ का हमारे फेयरफैक्स परिवार में स्वागत करते हुए वास्तव में उत्साहित हैं। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान कांत एक प्रमुख व्यक्ति थे, जिसकी परिणति ऐतिहासिक नई दिल्ली लीडर्स घोषणापत्र में हुई। कंपनी ने कहा कि नीति आयोग के सीईओ के रूप में, वे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के पीछे एक प्रेरक शक्ति थे, जिसने भारत के कुछ सबसे वंचित क्षेत्रों में बदलाव किया।

कंपनी ने कहा कि उद्योग व आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव के रूप में उनके कार्यकाल में मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया अभियान सहित महत्वपूर्ण सुधार हुए, जिससे कारोबार सुगमता रैंकिंग में 79 स्थानों का उल्लेखनीय सुधार हुआ।

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंसान के दिमाग में लगभग 78 प्रतिशत पानी होता है।
- बुद्धिमान लोग सामान्य लोगों की तुलना में जल्दी गुस्सा हो जाते हैं।
- हिप्पो जब घबराता है तो उसके पसीने का रंग लाल हो जाता है।
- दुनिया का पहला Hospital Train भारत में ही स्तिथ हैं।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि अगर आप को कॉकरोच का सर काट दे तो भी वह हफ्तों तक जिंदा रह सकता है।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- इस पृथ्वी पर करीब 8.7 मिलियन प्रकार की जीवित प्रजातियाँ है, जिनमें से 2.2 मिलियन सिर्फ महासागरों में पाई जाती हैं।
- सुबह के समय रात के मुकाबले हम 1 इंच लम्बे होते हैं।
- अमेरिका में हर सेकंड 100 पाउंड चॉकलेट खाई जाती है।
- दुनिया का सबसे पहला University भारत देश में ही था जिसका नाम Taxilla University था।
- आंख खोलकर की छींक लगाना नामुमकिन होता है।
- गाय सीढ़ी पर आसानी से चढ़ सकती है लेकिन सीढ़ी से उतर नहीं सकती।
- इंसान के पैर के पंजे में कुल 26 हड्डियां होती हैं।

# अच्छे मानसून से बढ़ेगा चीनी उत्पादन, कीमतें सीमित दायरे में रहेंगी, क्रिसिल की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार अच्छा मानसून से चीनी उत्पादन में वृद्धि की संभावना है। भारत का सकल चीनी उत्पादन 15 से 35 प्रतिशत बढ़कर करीब 35 मिलियन टन तक पहुंच सकता है। घरेलू कीमतों की बात करें तो इस सत्र में चीनी की कीमतें 35 से 38 रुपये प्रति किलोग्राम के दायरे में स्थिर बनी हुई हैं। चीनी सत्र 2026 में भारत का सकल चीनी उत्पादन 15 से 35 प्रतिशत बढ़कर करीब 35 मिलियन टन तक पहुंच सकता है। क्रिसिल की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार औसत से अधिक मानसून, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों में गन्ने की बुवाई और पैदावार को बढ़ावा दे सकते हैं। परिचालन लाभांश में 9 से 9.5 प्रतिशत तक सुधर आ सकता है इस वृद्धि से चीनी मिलों को चुनौतियों से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले वित्त वर्ष में उच्च गन्ना लागत, इथेनॉल की कम कीमतें और सीमित निर्यात का सामना करना पड़ा था। इसकी वजह से वित्त वर्ष 2025 में परिचालन लाभांश कगभग 200 आधार अंकों घटकर 8.7 से 9 प्रतिशत तक आ गया था।



## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष:** नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार की सुख-सुविधाओं पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन:** मन में नकारात्मकता से बचें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क:** मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन प्राप्त हो सकता है।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन स्थिति रहेगी।

**कन्या:** मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक:** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**धनु:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। सेहत का ध्यान रखें। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा।

## चुटकुले

टीचर- एक टोकरी में 10 आम थे 3 सड़ गए तो कितने आम रहे?
छात्र- 10
टीचर- वह कैसे?
छात्र- जो सड़ गए वो भी तो आम ही रहेंगे। सड़ने से केले थोड़ी बन जायेंगे।
छात्र आज वकील है।

---

आंखें आज भी उस चतुर को ढूंढ रही हैं। जिसने बचपन में यह अफवाह फैलाई थी कि मोर का पंख किताब में रखने से विद्या आती है।

---

पति व्हिस्की का एक ग्लास बनाता है और पत्नी से कहता है-
लो पिओ इसे।
पत्नी व्हिस्की चखती है, फिर कहती हैं-
छी-छी, कितनी कड़वी है।
पति- और तू सोचती है कि मैं रोज अय्याशी करता हूं। जहर के घूंट पीता हूं जहर के।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# अविनाश साबले की नजर व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर, विश्व चैंपियनशिप में जीतना चाहते हैं पदक




**नई दिल्ली।** पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेजर अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं।

साबले ने कहा, 'पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैंपियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है। मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है। अभी अभ्यास के 15 दिन बचे हुए हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं आठ मिनट के करीब पहुंचने में सफल रहूंगा।'

यह 30 वर्षीय खिलाड़ी 2023 में एशियाई खेलों के बाद से पिंडली की चोट से जूझ रहा था। उन्होंने 2025 के अपने सत्र की शुरूआत ज़ियामेन डायमंड लीग में आठ मिनट 22.59 सेकंड (8:22.59) सेकंड के समय के साथ की और इसके बाद शाओक्सिंग में 8:23.85 सेकंड का समय निकाला। साबले ने मई में दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई चैंपियनशिप में 8:20.92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता था।

उन्होंने कहा, 'तैयारियां अच्छी चल रही हैं। मैं सत्र की शुरूआत में चोटिल हो गया था। लेकिन इसके बावजूद मैंने चीन में दो डायमंड लीग स्पधाओं में हिस्सा लिया। मैंने अपना आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लिया।' यह भारतीय खिलाड़ी पिछली विश्व चैंपियनशिप में फाइनल तक पहुंचने में असफल रहा था और अपनी हीट में सातवें स्थान पर रहा था। लेकिन इस बार वह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

साबले ने कहा, 'मैं विश्व चैंपियनशिप में इस बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं और उसके लिए अच्छी तैयारी कर रहा हूं।' साबले को 8:09.91 सेकंड का राष्ट्रीय रिकार्ड बनाए हुए लगभग एक वर्ष हो चुका है और अब उनकी निगाह आठ मिनट से कम समय निकालने पर टिकी हैं।उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से मैं यह उपलब्धि हासिल करना चाहता हूं। यह जल्दी नहीं होगा लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन करने में सफल रहूंगा।'

# एफआईएच प्रो लीग में अच्छी शुरूआत करना चाहेगा भारत दूसरी श्रेणी में खिसकने से बचने की करेगा कोशिश

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचली पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है।

हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी, लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूनामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम (एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दो मैच) के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई।




भारत अब शनिवार और रविवार को चौथे स्थान पर काबिज चीन के खिलाफ लगातार दो मैचों में जीत के साथ अपने प्रो लीग अभियान का सकारात्मक अंत करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। भारतीय टीम को भले ही लगातार छह हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन उसने यहां अच्छी और आक्रामक हॉकी खेली, लेकिन शुरूआत में मिले मौकों का फायदा उठाने और पेनल्टी कॉर्नर को भुनाने में असफल रहने के कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा। दीपिका पर पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का बहुत अधिक दबाव था जिससे उनका खेल प्रभावित हुआ।

भारतीय मिडफील्ड ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया। सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनलिता टोप्पो, वैष्णवी विट्ठल फाल्के और नेहा जैसी खिलाड़ियों ने अग्रिम पंक्ति के लिए पर्याप्त मौके बनाए, लेकिन स्ट्राइकरों ने भारत को निराश किया क्योंकि नवनीत, दीपिका, बलजीत कौर और अन्य खिलाड़ियों को गोल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

रक्षा पंक्ति में सुशीला चानू, ज्योति, इशिका चौधरी, ज्योति छेत्री और सुमन देवी तौदाम ने कई गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। भारतीय टीम को अगर चीन के खिलाफ दोनों मैच में जीत हासिल करनी है तो उसे गलतियों से बचकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## पहले दौर में फोगनिनी से होगा अल्कारेज का सामना

# कोको गॉफ की होगी यास्त्रमेका से टक्कर



**विंबलडन।** कार्लोस अल्कारेज सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूनामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा।

नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी।

फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा बड़ा खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है। तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विम्बलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था। गत चैंपियन बारबोरा क्रेजसिकोवा पहले दौर में एलेक्जांड्रा इयाला से भिड़ेंगी।

# लगातार दूसरी बार बरेली को मिली राष्ट्रीय स्कूल वालीबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी, नवंबर में होगा आयोजन

**बरेली।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) ने बरेली जिले को लगातार दूसरे वर्ष अंडर-17 बालक-बालिका वर्ग राष्ट्रीय स्कूल वालीबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी है। यह प्रतियोगिता नवंबर के तीसरे सप्ताह में राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) के मैदान पर आयोजित की जाएगी। इसमें देश के विभिन्न राज्यों की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

एसजीएफआई की ओर से 69वें राष्ट्रीय स्कूल गेम्स 2025-26 का वार्षिक कैलेंडर जारी करते हुए इसकी घोषणा की गई है। कैलेंडर के तहत अक्तूबर से लेकर जनवरी 2026 तक विभिन्न आयु वर्गों में उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में स्पधाओं का आयोजन किया जाएगा। अंडर-17 बालक-बालिका वर्ग राष्ट्रीय स्कूल वालीबॉल प्रतियोगिता बरेली में होगी। पिछले वर्ष





पहली बार शहर को प्रतियोगिता की जिम्मेदारी मिली थी। इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन का अनुभव न होने के बावजूद जिला प्रशासन व खेल विभाग के संयुक्त प्रयासों से शानदार आयोजन किया गया। एसजीएफआई की ओर से भी प्रयासों को सराहा गया। यही वजह है कि लगातार दूसरे साल भरोसा जताते हुए जिले को यह जिम्मेदारी दी गई है। मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रतियोगिता नवंबर के तीसरे सप्ताह में जीआईसी मैदान पर प्रस्तावित है। समय से सभी व्यवस्थाएं कर ली जाएंगी।

# अब इस प्रतियोगिता में भिड़ेंगे नीरज और अरशद

## भाला फेंक में ओलंपिक चैंपियन ने खुद किया खुलासा





**नई दिल्ली।** भारत के महानतम एथलीट्स में शुमार और भाला फेंक में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा इन दिनों शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने के बाद पेरिस डायमंड लीग में जीत दर्ज की। साथ ही ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक इवेंट भी अपने नाम किया। हालांकि, पेरिस और ओस्ट्रावा में वह 90 मीटर की दूरी नहीं तय कर सके, लेकिन उनके आत्मविश्वास को जरूर बल मिला होगा। अब वह नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलते दिखेंगे। हालांकि, इस टूनामेंट में भी पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम हिस्सा नहीं लेंगे। अरशद और नीरज के बीच गजब की प्रतिद्वंद्विता है और फैंस इन दोनों के बीच टक्कर का जमकर लुत्फ उठाते हैं। अब नदीम ने खुलासा किया है कि वह अगली बार किसी प्रतियोगिता में खेलते दिख सकते हैं।

नीरज दोहा में और फिर ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं, पेरिस और ओस्ट्रावा में पहला स्थान हासिल किया। हालांकि, इन चारों टूनामेंट पाकिस्तान के अरशद नदीम नदारद थे। नदीम ने इस सत्र में ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया है वह इसके प्रति काफी चयनात्मक रहे हैं। वह फिलहाल पाकिस्तान में प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में जरूर भाग लिया था, जिसमें नीरज नहीं खेले थे। नदीम ने वहां 86.40 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया था।

अब पाकिस्तान के इस भाला फेंक एथलीट ने कहा है कि उनका पूरा ध्यान विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर है। उन्होंने लाहौर में विश्व ओलंपिक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एक कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर नदीम ने कहा, 'मेरा ध्यान विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर है और मैं इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। लाहौर में बहुत गर्मी है। मैं जल्द ही इंग्लैंड जा रहा हूं और वहां एक महीने ट्रेनिंग करूंगा।' विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होगी जहां अरशद और नीरज दोनों खिलाड़ियों के इसमें भाग लेने की उम्मीद है। वहां दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

नदीम ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक भाला फेंक रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रचा था। वहीं, नीरज 89.45 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। नदीम ने लाहौर में कार्यक्रम के दौरान अपनी उपलब्धि पर विचार साझा किए और युवा एथलीटों को प्रोत्साहन दिया। उन्होंने इस मौके पर कहा, 'खिलाड़ियों के लिए विश्व ओलंपिक दिवस का जश्न मनाना गर्व की बात है और मुझे गर्व है कि मैं पहली बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता के रूप में इसका जश्न मना रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'युवाओं को मेरा संदेश है कि वे एकाग्र रहें। मैं एक छोटी सी जगह से आया और स्वर्ण पदक जीता। इसलिए, अगर वे कड़ी मेहनत करते हैं, तो वे भी पदक जीत सकते हैं।'

# विश्व कप की तैयारियों का आगाज करेगी भारतीय टीम

## इंग्लैंड से शनिवार को होगा टी20 मैच में सामना



**नई दिल्ली।** अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों की शुरूआत के लिए भारतीय महिला टीम के पास इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से अच्छा मौका नहीं होगा। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम आगामी पांच मैचों की सीरीज के जरिये इंग्लैंड की प्लेइंग कंडीशंस में खुद को ढालना चाहेगी। यहां दोनों का तीन वनडे मैचों की सीरीज में भी आमना-सामना होना है। विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का वक्त है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण है।

भारतीय टीम प्रबंधन इंग्लैंड की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सायली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शेफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी।

### इंग्लैंड की इन खिलाड़ियों से रहना होगा सावधान

भारतीय टीम की इस दौरे की शुरूआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट सिवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। इनके अलावा इंग्लैंड एसी वोंग, एलिस कैप्सी और सोफिया डंकले जैसी प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को भी मैदान में उतारेगा। ऐसी परिस्थितियों में भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, मंधाना, शेफाली, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को पहले मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### स्नेह राणा और अमनजोत कौर की वापसी पर रहेंगी निगाहें

भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

# कोलंबो टेस्ट- तीसरे दिन श्रीलंका 458 रन पर ऑलआउट

## पथुम निसंका का शतक; स्टंप्स तक बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 6 विकेट गंवाए

**कोलंबो।** कोलंबो टेस्ट के तीसरे दिन श्रीलंका मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। दूसरे टेस्ट में टीम ने स्टंप्स तक बांग्लादेश के 115 रन पर 6 विकेट गिरा दिए हैं। बांग्लादेश अभी भी श्रीलंका के पहली पारी के स्कोर 458 रन से 96 रन पीछे हैं। लिटन दास 13 रन बनाकर नाबाद लौटे हैं। श्रीलंका से प्रभाथ जयसूर्या और धनंजय डी सिल्वा ने 2-2 विकेट लिए।

शुक्रवार को श्रीलंका ने पथुम निसंका के शानदार 158 रन और दिनेश चंडीमल के 93 रन की बदौलत पहली पारी में 458 रन बनाए। कुसल मेंडिस ने 84 रन की तेज पारी खेली। बांग्लादेश की तरफ से तैजुल इस्लाम ने 5 और नईम हसन ने 3 विकेट लिए। बांग्लादेश की पहली पारी 247 रन पर सिमट गई थी।

बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी की शुरूआत करने आए अनामुल हक को चाय से ठीक पहले के आखिरी ओवर




में असिथा फर्नांडो ने 19 रन पर पवेलियन भेजा। हक ने 2 चौका और एक सिक्स लगाए। उन्होंने शादमान इस्लाम के साथ पहले विकेट के लिए 31 रन जोड़े।

शादमान इस्लाम (12 रन), मोमिनुल हक (15 रन) और मुशफिकुर रहीम (26 रन) बनाकर आउट हुए। टीम से कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक पिच पर टिक नहीं सका। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो का विकेट 19 रन पर डी सिल्वा ने लिया। तीसरे दिन के स्टंप्स से ठीक पहले मेहदी हसन मिराज को थारिंदु रथनायके ने 11 रन पर छइह किया।

दूसरे दिन के पहले सेशन में बांग्लादेश को 247 रन पर ऑलआउट करने के बाद श्रीलंकाई टीम ने मजबूत शुरूआत की। पथुम निसंका और लहिरू उदारा की जोड़ी ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। यहां टीम का स्कोर 83/0 रहा।

श्रीलंकाई ओपनर्स की साझेदारी को तैजुल इस्लाम ने तोड़ा। उन्होंने लहिरू उदारा को 40 रन के स्कोर पर छइह कर दिया। निसंका और उदारा ने पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े।

निसंका का तीसरा शतक, चंडीमल के साथ 194 रन की साझेदारी

88 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद पथुम निसंका ने दिनेश चंडीमल के साथ शतकीय साझेदारी करके श्रीलंकाई टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। उन्होंने चंडीमल के साथ मिलकर 311 बॉल पर 194 रन बनाए। चंडीमल 93 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नईम हसन ने लिटन दास के हाथों कैच कराया। निसंका 158 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तैजुल इस्लाम ने आउट किया।

# रोहित बोले- टी-20 वर्ल्डकप में ऑस्ट्रेलिया से बदला लिया

**मुंबई।** रोहित शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया को हराने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा सुपर-8 मैच में ऑस्ट्रेलिया को हारकर पूरी टीम ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल का बदला लिया था।

स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में रोहित शर्मा ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर की फाइनल हार का गुस्सा उनके और पूरी टीम के मन में था। इसके बाद टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराया था। इस मैच में रोहित ने 92 रनों की पारी खेली थी। जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया टूनामेंट से बाहर हो गया था। मन में थी 19 नवंबर की चिढ़नः रोहित रोहित ने कहा 2023 वर्ल्ड कप में हमने शानदार खेल दिखाया लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हमें हरा दिया। 19 नवंबर की चिढ़न हमेशा से मेरे और टीम के मन में थी। उन्होंने कहा, गुस्सा तो हमेशा था। ऑस्ट्रेलिया ने हमारा 19 नवंबर खराब कर दिया था।

ड्रेसिंग रूम में 2023 फाइनल की बात होती थी टी-20 वर्ल्ड कप में




ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच पर रोहित ने बताया, ड्रेसिंग रूम में हम इस बारे में बात करते थे। मन में ये ख्याल तो रहता है, लेकिन जब आप बल्लेबाजी करने उतरते हैं, तो इन सबके बारे में ज्यादा नहीं सोचते।

हमने पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 205/4 का स्कोर बनाया। इसके बाद गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 181/7 के स्कोर पर रोक दिया।

### मैच से पहले हमें बताया गया था कि खतरा है : रोहित

रोहित ने ळ20 वर्ल्ड कप 2024 में हुए भारत-पाक मुकाबले को याद करते हुए कहा कि मैच से पहले का माहौल किसी त्योहार जैसा था, होटल से लेकर स्टेडियम तक। इस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 रन से हरा दिया था। यह एक लो-स्कोरिंग रोमांचक मैच था, जिसमें जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट लेकर सिर्फ 14 रन दिए और प्लेयर ऑफ द मैच बने।

रोहित ने आगे कहा, मैच से पहले हमें बताया गया था कि खतरा है, कुछ गड़बड़ चल रही थी। इसलिए मैच से दो दिन पहले तक हमें होटल से बाहर निकलने की इजाजत नहीं थी। माहौल तभी से बनना शुरू हो गया था। हम बाहर नहीं जा सकते थे, तो खाना भी होटल में ही मंगवाया जा रहा था। होटल इतना भरा हुआ था कि चलना भी मुश्किल था। फैंस, मीडिया, हर कोई वहां मौजूद था। तभी महसूस हुआ कि यह सिर्फ एक और मैच नहीं है, बल्कि कुछ खास होने वाला है।

## त्रिकोणीय टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम का एलान

**न्यूजीलैंड।** सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे को अगले महीने मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टी20 त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में नहीं चुना गया है। न्यूजीलैंड के नए मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने शुक्रवार को टीम की घोषणा की। यह अनुभवी बल्लेबाज उन कई प्रमुख खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने विदेशों में पेशेवर टी20 लीग में खेलने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को ठुकरा दिया था। कॉनवे ने न्यूजीलैंड की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल जून में टी20 विश्व कप में खेला था। पूर्व कप्तान केन विलियम्सन इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप में मिडिलसेक्स के लिए खेल रहे हैं और उन्होंने खुद को अनुपलब्ध बताया। ऑकलैंड के बल्लेबाज बेवॉन जैकब्स 15 सदस्यीय टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। 23 वर्षीय जैकब्स दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ खेलने वाली न्यूजीलैंड टीम के सदस्य थे, लेकिन उन्होंने कोई मैच नहीं खेला।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, सैक्टर–ओमेगा–1 (पी–2), ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर–201308 (उ0प्र0)
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइटः www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांकः वाई.ई.ए./नियोजन/795/2025 दिनांकः 25/06/2025

सार्वजनिक सूचना

एतद्वारा सूचना दी जाती है–
1. (क) यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत सैक्टर–22E के तलपट मानचित्र को पुनरीक्षित किया गया है।
(ख) निरीक्षण के लिए तलपट मानचित्र की एक प्रति यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यालय, प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, सैक्टर–पी 2, ओमेगा, ग्रेटर नोएडा, जनपद–गौतमबुद्धनगर में सभी कार्यालय दिवसों में एतद्वारा पैरा 3 में से उल्लिखित अवधि में उपलब्ध रहेगी।
2. एतद्वारा इस योजना के प्रारूप के सम्बन्ध में आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं।
3. आपत्तियां और सुझाव मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को लिखित रूप में समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवसों तक भेजे जा सकते हैं।
4. आपत्तियां और सुझाव देने वाले व्यक्ति को नाम, पता एवं दूरभाष संख्या देना अनिवार्य है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लॉन के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीदफ़ोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।

# इंदिरापुरम विस्तार योजना में जल्द आवंटियों को मिल सकेगा कब्जा

## योजना में ड्रेनेज, सीवरेज, पानी की लाइनें डालने का कार्य हुआ पूरा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा धरातल पर साकार की जा रही इंदिरापुरम विस्तार योजना में वह आवंटी जल्द कब्जा प्राप्त कर सकेंगे, जिनके द्वारा हाल में प्राधिकरण की नीलामी प्रक्रिया के दौरान भूखंड खरीदे हैं। इसके लिए प्राधिकरण के अभियंत्रण अनुभाग के द्वारा भूमिगत पानी की लाइनें एवं सीवर बिछाने के अलावा नाली और नाले के निर्माण कार्य काफी हद तक पूरा कर लिया गया है। एक बड़े हिस्से में सड़क का भी निर्माण कार्य हो गया है,केवल सीसी किया जाना है,जो कि बरसात के बाद आरंभ किया जाएगा। इंदिरापुरम विस्तार में विकास का कार्य तेजी के साथ पूरा हो सकें,इसके लिए समय से टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थीं। लगभग तीन करोड़ की लागत से विकास का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ साथ श्मशान घाट के आसपास भी दीवार के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।



### योजना के रिक्त भूखंडों की जल्द प्राधिकरण निकालेगा नीलामी की स्कीम

करंट क्राइम। प्राधिकरण के द्वारा जल्द रिक्त भूखंडों की भी योजना निकाली जाएगी। जीडीए के द्वारा हाल में जो योजना निकाली गई थीं,उसमें चार भूखंड विक्रय किये जा चुके हैं। भूखंडों को नीलामी के माध्यम से बेचे जाने की प्रक्रिया के दौरान रिजर्व प्राइस 2 लाख चार हजार रुपए रखा गया था,जबकि नीलामी के दौरान रेट 2 लाख 80 हजार रुपए तक बोली लगाई गयी थी। इंदिरापुरम विस्तार में जिस जमीन पर ये योजना निकाली गई है। एक समय में 34,544 वर्ग मीटर का भूखंड ग्रुप हाउसिंग के लिए प्रस्तावित किया गया था।अनेक बार इस ग्रुप हाउसिंग के लिए प्रस्तावित किए गए भूखंड को नीलाम नहीं किया जा सका था। जब इस भूखंड का मामला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के सामने आया तो उन्होंने एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के द्वारा ग्रुप हाउसिंग के लिए प्रस्तावित भूखंड को छोटे भूखंडों में तब्दील किए जाने का सुझाव प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव को जीडीए बोर्ड के सामने रखा गया। प्राधिकरण बोर्ड की स्वीकृति के बाद 300 वर्ग मीटर से लेकर 578 वर्ग मीटर साइज के भूखंडों में विभाजित किया गया। इसके साथ ही योजना में व्यवसायिक गतिविधि के लिए भी भूखंड प्रस्तावित किए गए है,ताकि आने वाले वक्त में जो आवंटी अपना आशियाना बनाए उन्हें समीप में जरूरत की वस्तुएं उपलब्ध हो सकें।

# गाजियाबाद में दो और अवैध कॉलोनियों पर चले बुलडोजर, 3 होटल भी सील



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने गुरुवार को मोदीनगर क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से विकसित हो रही दो कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया गया। प्राधिकरण टीम का विरोध भी किया गया, लेकिन उन्हें पुलिस बल ने खदेड़ दिया। वहीं, अवैध रूप से संचालित तीन होटल भी सील कर दिए गए।

जीडीए जोन दो की प्रवर्तन टीम गुरुवार दोपहर मोदीनगर पहुंची। यहां मोहम्मदपुर रोड स्थित सीकरी कला में करीब आठ हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में रामनाथ, राजकुमार, रामपाल, राजू त्यागी ओर अनुज शर्मा द्वारा अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। इसमें बाउंड्रीवाल में मिट्टी भराव का कार्य किया जा रहा था। अवैध निर्माण करने वाले मौके पर कोई स्वीकृत मानचित्र नहीं दिखा पाए। ऐसे में टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

वहीं, सहरावत फार्म वाली सड़क पर अबूपुर रोड रजवाहे के पास करीब दस बीघा जमीन पर संजय, योगेन्द्र, अनिल, मनोज, बबलू चौधरी द्वारा अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। यहां सड़क और साइट ऑफिस तैयार किया जा रहा था, जिसे प्राधिकरण की टीम ने बुलडोजर चलाकर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इस दौरान टीम का विरोध किया गया, लेकिन मौजूद पुलिस ने लोगों को खदेड़ दिया। इस दौरान जीडीए कर्मचारी, सचल दस्ता और पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों के अनुसार अवैध रूप से निर्माण करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जीडीए की टीम ने मोदीनगर में अवैध रूप से चल रहे तीन होटलों को भी सील कर दिया। इन होटलों ने न तो नक्शा पास कराया था और ना ही होटल चलाने की अनुमति ले रखी थी। ऐसे में बिना नक्शा पास कराए होटल चलाने के कारण इन होटलों को सील कर दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि जिले में नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## हाउस टैक्स में बढ़ोतरी के विरोध में व्यापार मंडल आज देगा मेयर और नगर आयुक्त को ज्ञापन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स एवं कमर्शियल टैक्स में कई गुना बढ़ोतरी के खिलाफ गाजियाबाद उद्योग व्यापार मंडल आज महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को ज्ञापन सौपेगा। गाजियाबाद उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अशोक चावला ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स और कमर्शियल टैक्स में 3 से 400 गुना बढ़ोतरी करने से आम लोगों के साथ व्यापारी भी काफी परेशान है उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ हा पड़ेगा। इसी को देखते हुए गाजियाबाद व्यापार मंडल ने महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक से हाउस टैक्स और कमर्शियल टैक्स में बढ़ोतरी नहीं करने की मांग की।

# पार्षद सतेंदर चौधरी ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के वार्ड 54 के पार्षद सतेंदर चौधरी ने सेक्टर 5 में सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। पार्षद सतेंदर चौधरी ने बताया कि कई वर्षो से यह सड़क बदहाल थी लोगों की शिकायत थी कि टूटी सड़क के कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है। लोगों की समस्या को देखते हुए शनिवार सड़क बने का कार्य शुरू हो गया है। अब आने वाले बरसात के मौसम में लोगों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस मौके पर उन्होंने महापौर व नगरायुक्त का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने आप सबका धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। इन अवसर पर ब्रजराज चौधरी, विपुल कोहली, किशन लाल वर्मा, गोविंद पाठक, अरुण चौहान, जगलाल महतो, मोहन मिश्रा, अतुल रस्तोगी, गोविंद आर्या, ज्ञानेश्वर सिंह, राजेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# संपत्ति कर पर बोर्ड बैठक की तैयारी को लेकर पार्षदों ने जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** संपत्ति कर को लेकर 30 जून को होने वाली नगर निगम की बोर्ड बैठक की तैयारियों को लेकर गाजियाबाद के पार्षदों ने कमर कस ली है। शुक्रवार को पार्षदों का एक दल विभिन्न जनप्रतिनिधियों से मिला और रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान पार्षदों ने राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, विधायक संजीव शर्मा और एमएलसी दिनेश गोयल से मुलाकात की। जबकि सांसद अतुल गर्ग ने शहर से बाहर होने के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत की। पार्षदों ने महापौर सुनीता दयाल से भी बोर्ड बैठक को लेकर विचार-विमर्श किया। शनिवार को 12 बजे सभी नगर निगम सभागार में एकत्र होकर बैठक की रणनीति को अंतिम रूप देंगे। पार्षदों ने संपत्ति कर और अन्य मुद्दों पर बोर्ड बैठक में मजबूत प्रस्तुति के लिए जनप्रतिनिधियों का समर्थन मांगा। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, विधायक संजीव शर्मा और एमएलसी दिनेश गोयल ने पार्षदों को आश्वासन दिया कि वे उनके प्रयासों का समर्थन करेंगे। सांसद अतुल गर्ग ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पार्षदों के साथ चर्चा की और बैठक की रणनीति पर सुझाव दिए। पार्षदों ने बोर्ड के सदस्यों से भी आशीर्वाद लिया ताकि बैठक में उनके प्रस्तावों को बल मिले। इस अवसर पर पार्षदों में नीरज गोयल, गौरव सोलंकी, हिमांशु शर्मा, मनोज गोयल, नरेश भाटी, डॉक्टर अनिल तोमर, ओम प्रकाश, देवनारायण शर्मा, कन्हैया लाल, पवन गौतम, शशि खेमका, भूपेंद्र, जोगेंद्र उपाधयाय, उपाध्याय, संतोष राणा, हरीश कडकोटी आदि पार्षद मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक समाज ने हाउस टैक्स बढ़ोतरी का किया विरोध, आंदोलन की दी चेतावनी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स बढ़ाए जाने का विरोध अब जोर पकड़ने लगा है। पार्षदों के अलावा विभिन्न संगठनों ने भी विरोध करना शुरू कर दिया है। वरिष्ठ नागरिक समाज वसुंधरा ने शुक्रवार को बैठक कर नगर निगम के फैसले का विरोध करने का निर्णय लिया है। संस्था के सदस्यों ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि गाजियाबाद नगर निगम की ओर से संपत्ति कर में अंधाधुंध बढ़ोतरी से आम लोगों पर भारी बोझ पड़ेगा। वरिष्ठ नागरिक समाज ने पहले ही इस विषय पर अपना विरोध जताया हैं। इसे लेकर शासन को पत्र लिखा गया है। संस्था के पदाधिकारी भूपेंद्र नाथ ने बताया कि संस्था की ओर से लोगों को 29 जुलाई तक हाउस टैक्स जमा नहीं करने की अपील की गई है। इसके अलावा सभी सोसाइटी के मुख्य द्वार पर बैनर लगाकर संपत्ति कर नहीं देने का संदेश देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स बढ़ाने के फैसले में भाजपा की भी मिली भगत है। महापौर और पार्षदों की सहमति के बिना नगर आयुक्त हाउस टैक्स में बढ़ोतरी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से सभी विकल्प खुले रखे गए हैं। जरूरत पड़ने पर सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शन धरना भूख हड़ताल और न्यायालय में वाद दाखिल किया जाएगा।

## गांधीनगर व्यापार मंडल ने बढ़े हुए हाउस पर मेयर सुनीता दयाल को ज्ञापन सौंपा




गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाज़ियाबाद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स एवं कमर्शियल टेक्स अत्यधिक एक साथ कई गुना बढ़ाकर दिया है। उसके विरोध में शुक्रवार को गांधीनगर व्यापार मंडल, गाजियाबाद द्वारा अत्यधिक टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में मेयर सुनीता दयाल को उनके निवास स्थान पर एवं नगर निगम मुख्यालय में अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में प्रदीप बंसल, जगदीश यादव, हितेंद्र शर्मा, स. मुखविंदर सिंह भाटिया, सतेन्द्र प्रकाश, मनोज वोहरा, दिनेश कपूर, सचिन गोगिया, सौरभ महेन्द्रों, मनीष सिंघल, अमित चानना, डिंकी बत्रा व विजय छाबड़ा आदि प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे।




## क्या बढ़ेगी सिटी के एक थानाक्षेत्र में टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तीनों जोन हैं। तो हर जोन का अलग माहौल और हाल चलता रहता है। कभी कोई जोन अपने कारनामों के चलते छाया रहता है, तो कभी कोई सा जोन। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ताजा मामला इन दिनों सिटी वाले जोन का बताया जा रहा है। जहां एक थानाक्षेत्र का एक मामला इन दिनों जमकर सनसनी मचा रहा है। इस पूरे मामले के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। तो एक हिंदूवादी चेहरे ने इस मामले को हाईलाइट कर दिया है। वहीं इलाके वाली पुलिस पर जो आरोप लगे हैं, उसमें वह घिरती हुई भी नजर आ रही है। हालांकि फिर जब मामला इलाके वाले साहब के पास गया तो आनन-फानन में वह सब किया गया जो कमिश्नरेट में होता चला आ रहा है। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले के बाद




थाने वाले भी अटेंशन मोड पर आए, पर कुछ वजह रही जिस वजह से मामला साइलेंट मोड पर किया गया। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से संगठन वालों ने वीडियो वायरल करते हुए थाने के घेराव की घोषणा कर दी है उसके बाद मामला थोड़ा टाइट होने के आसार लग रहे हैं। क्योंकि अब यहां मैनेजमेंट वाले अधिकारी खोजे जा रहे हैं। तो टेंशन इस बात की भी है कि सिटी वाले साहब भी छुट्टी पर गए हुए हैं। इलाके वाले कितना लोड ले पाएंगे यह तो संडे ही बताएगा। वहीं इस पूरे मामले में कई ऐसे लोगों के नाम भी आ रहे हैं, जो पहले भी चर्चाओं में रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता यह भी रहे हैं कि जिस सर्किल से जुड़ा यह पूरा मामला है, उनके दूसरे थानाक्षेत्र में थाने वाले टू-स्टार अपनी अलग कहानी बना रहे हैं। मामलों के खुलासे नहीं कर पा रहे हैं। तो जिनके खुलासे हो रहे हैं उनमें जांच शुरू हो गई हैं। इसी के साथ इस थानाक्षेत्र के फरियादियों की संख्या भी कई कार्यालय में बढ़नी बताई जा रही है। तो अतिक्रमण का हाल तो अधिकारी कमिश्नरेट के सभी देख रहे हैं। ना चालान हो रहे हैं, ना पैदल गश्त और निजी गाड़ियों में अब इलाके वाले टू-स्टार कौन सी पुलिसिंग कर रहे हैं ,यह तो अधिकारियों को ही जांच करवानी चाहिए। वैसे बताया जा रहा है कि टू-स्टार के पास इतने फोन हैं कि वह सरकारी वाला मजबूरी में और क्लाइंट वाला फायदे के लिए ही उठाते हैं। बरहाल इन दिनों सिटी क्षेत्र के एक थानाक्षेत्र को लेकर अधिकारियों को अपना फोकस करने की आवश्यकता तेजी से नजर आने लगी है।

# गे डेटिंग एप से दोस्ती कर लूट करने वाले गिरफ्तार

## सुनसान जगह बुलाकर करते थे वारदात, यूपीआई से पैसे ट्रांसफर कराते; 2 तमंचे और कार जब्त



**नोएडा करंट क्राइम।** सूरजपुर थाना पुलिस ने ग्राइंडर गे डेटिंग एप के जरिए लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी शक्ति अवस्थी के अनुसार, आरोपी गे डेटिंग एप पर लोगों से दोस्ती करते थे। फिर उन्हें सुनसान जगह पर बुलाकर मारपीट करते और लूट लेते थे। आरोपी पीड़ितों से वढकके जरिए पैसे ट्रांसफर करवा लेते या उनका सामान छीन लेते थे। लोक-लाज के डर से ज्यादातर पीड़ित शिकायत नहीं करते थे। हालांकि, एक युवक की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने विशाल, शिवम, यश, मोहित, अमन और सूरज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 19,500 रुपये नकद, 2 तमंचे, एक हुंडई कार और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। मोबाइल में गे डेटिंग एप डाउनलोड मिला। सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

# गैंगस्टर पर लगाया 5 हजार का जुर्माना



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को गैंगस्टर कोर्ट मे गैंगस्टर वसीम उर्फ राज उर्फ नेपाली को दोषी मानते हुए 6 वर्ष 6 माह और 5 हजार जुमार्ने से दण्डित किया गया। गैंगस्टर कोर्ट के लोक अभियोजक, वरुण त्यागी ने बताया की सन 2018 मे मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में रात्री में घर में घुस कर लूट और हत्या की घटना को वसीम उर्फ राज उर्फ नेपाली गैंग ने अंजाम दिया। जिन्हें बाद मे पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। इस गैंग के सदस्यों से लुटा हुआ माल तथा अवैध हथियार बरामद हुए। इस गैंग के विरुद्ध 2019 में मुरादनगर थाने द्वारा गिरोह बंद अधिनियम में कार्यवाही की गयी। जिसमें शुक्रवार को विशेष न्यायधीश 'गैंगस्टर एक्ट' जुनेद मुजफ्फर द्वारा अभियुक्त वसीम उर्फ राज उर्फ नेपाली को छह वर्ष व छह माह का कठोर कारावास और 5 हजार के जुमार्ने से दण्डित किया।

# ग्रेटर नोएडा की पहचान परी चौक को मिलेगी नई चमक

## एक माह में पूरा होगा सौंदर्यीकरण

### फाउंटेन से लेकर लाइटिंग तक का काम शुरू



**नोएड करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर की प्रमुख पहचान परी चौक के सौंदर्यीकरण का काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह कार्य किया जा रहा है। ओएसडी गुंजा सिंह परी चौक पर चल रहे कार्यों की नियमित निगरानी कर रही हैं। चौक पर स्थापित परियों की मूर्तियों की मरम्मत की जा रही है। साथ ही रंगाई-पुताई का काम भी चल रहा है। प्राधिकरण ने चौक के समग्र विकास की योजना बनाई है। इसके तहत फाउंटेन की मरम्मत की जा रही है। आसपास के पेड़ों की छंटाई और ग्रीन बेल्ट की सफाई का काम चल रहा है। गोलचक्कर पर नई घास लगाई जा रही है। लाइटिंग व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है। प्राधिकरण ने सभी कार्यों को एक माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा है। ओएसडी के निरीक्षण के दौरान उद्यान विभाग के प्रभारी पीपी मिश्रा भी मौजूद रहे।

# हापुड़ में 2 मासूम बच्चियों से छेड़छाड़

## बहलाकर साथ ले गए, जबरन टच करने की कोशिश की, भीड़ ने पकड़ा




**हापुड़ करंट क्राइम।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के सिकंदर गेट इलाके में शुक्रवार को दो बच्चियों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया। दो अधेड़ व्यक्तियों ने पानी की टंकी के नीचे खेल रही 6 और 8 वर्षीय बच्चियों को निशाना बनाया। भीड़ ने दोनों को मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

भीड़ ने दोनों को देखकर शोर मचाया जानकारी के मुताबिक कोटला मेवातियान निवासी अलग अलग 2 अधेड़ आरोपियों ने 2 मासूम बच्चियों को बहला-फुसलाकर बुला लिया। जिसके बाद मौका पाकर उनके साथ अश्लील हरकतें कीं। दोनों ने जबरन बच्चियों को छूने की कोशिश की। आसपास मौजूद लोगों ने यह देखा और शोर मचाया। इससे वहां भीड़ जमा हो गई। लोगों ने 45 से 50 वर्ष की उम्र के दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। भीड़ ने उनकी पिटाई की। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपियों को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया।कोतवाली प्रभारी मुनीश प्रताप सिंह के अनुसार, पीड़ित परिवार की शिकायत पर दोनों आरोपियों को पकड़ा गया है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 64 लाख की धोखाधड़ी में आरोपी गिरफ्तार

## 28 लाख क्लब में उड़ाए, मेट्रोमोनियल साइट पर युवती को फंसाया



**नोएडा करंट क्राइम।** मेट्रोमोनियल साइट व सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रोफाइल बनाकर युवतियों से मोटी रकम ऐंठने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। इसका नाम नेहुल सुराना निवासी जयपुर राजस्थान है। इसकी उम्र करीब 32 साल और बीकॉम पास है। इसे नोएडा के सेक्टर-56 के पास से गिरफ्तार किया गया। नेहुल राना ने बताया कि वो पहले मेट्रोमोनियल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी फर्जी आईडी बनाता है। अपने आप को तलाकशुदा या अनमैरिड बताता है।

आरोपी युवतियों को अपने को विभिन्न सरकारी एजेन्सी का एक्स कर्मचारी बताकर शादी का झांसा देता है। धीरे धीरे करके युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। उनके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अपने परिवार की आर्थिक समस्याओं का बहाना बताता है। साथ ही युवतियों को अच्छे भविष्य के सपना दिखाता है और कीमती गिफ्ट या अन्य प्रयोजनों के लिए पीड़िता के बैंक में जमा धनराशि को अपने खाते में ले लेता है। पैसा आने पर उसे क्रिप्टो या यूएसडीटी में निवेश करता है। साथ ही कुछ पैसों का प्रयोग मौज मस्ती और लग्जरी शौक पूरा करने के लिए करता है।

### केस-1 पीड़िता से लिए 50 लाख 30 हजार

एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि आरोपी ने अगस्त 2024 में जीवनसाथी.कॉम के जरिए एक महिला से संपर्क किया। युवती को एमएचए का अधिकारी बताया। उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया लिव इन में रहा और शारीरिक संबंध बनाए। अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक पीड़िता के आईसीआईसीआई बैंक से अब तक 50 लाख 30 हजार 936 रुपए ट्रांसफर किए। नेहुल ने पहले आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इंश्योरेंस से करीब 13 लाख 32 हजार 907 रुपए, सैलरी सेविंग से करीब 5 लाख 40 हजार और हाउस टोकन मनी के 4 लाख 30 हजार व 27 लाख 28 हजार रुपए विभिन्न प्लेटफार्म से पर्सनल लोन लिया।

ये पैसा आईसीआईआईसी बैंक के खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद अपने खातों में ट्रांसफर किए। ये किस्सा यही नहीं थमा। कोटक बैंक से 6 लाख 39 हजार 820 रुपए, म्यूचुअल फंड एसआईपी से 8 लाख रुपए ट्रांसफर किए। इस तरह पीड़िता को विश्वास में लेकर उसका मोबाइल इस्तेमाल कर कुल 64 लाख 70 हजार 756 रुपए ट्रांसफर किये गये। जिसके बाद पीड़िता के नंबर को ब्लाक कर दिया और संपर्क तोड़ दिया। 16 मार्च 2025 को पैसा ट्रांसफर करने के बाद नेहुल अचानक से गायब हो गया। उसने फोन बंद कर लिया।

गोवा और कर्नाटक और क्लब में खर्च किए 28 लाख पूछताछ में बताया कि उसने 32 लाख 70 हजार रुपए क्रिप्टो करेंसी, यूएसडीटी व अन्य डिजीटल करेंसी व शेयर मार्केट में निवेश किया। साइबर सेल इसकी जांच कर रहा है। साथ ही उसने 3 लाख 74 हजार रुपए एटीएम से निकालकर खर्च कर दिए। 28 लाख 2 हजार रुपए यूपीआई के माध्यम से गोवा व कर्नाटक व देश के अन्य स्थानों पर घूमने, क्लब में जाने व अन्य चीजों पर खर्च किये गये है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी समकक्ष से की मुलाकात

## एस 400 की डिलीवरी को लेकर की बात



**किंगाओ।** चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चीन के बंदरगाह शहर किंगदाओ में भाग ले रहे हैं। यहां उन्होंने रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलोसोव से मुलाकात की। चीन के किंगदाओ में हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलोसोव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने एस-400 सिस्टम की डिलीवरी, एसयू-30 एमकेआई के अपग्रेड और समय-सीमा में सैन्य हार्डवेयर की खरीद को लेकर बात की।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को कवर करते हुए कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पहलगाम हमले को भयावह और कायराना आतंकवादी कृत्य बताते हुए भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह दोनों देशों के नेताओं के बीच हाल ही में हुई सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक थी। इसमें रक्षा उत्पादन बढ़ाने को लेकर बात हुई। इसमें वायु रक्षा, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, आधुनिक क्षमताओं और हवाई प्लेटफार्मों के उन्नयन पर चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख तौर पर एस-400 सिस्टम की आपूर्ति, एसयू-30 एमकेआई के विकास और समय सीमा में महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर की खरीद पर भी बात हुई। राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने और बेलोसोव ने दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि किंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव से मिलकर खुशी हुई। हमने भारत-रूस रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर गहन विचार-विमर्श किया।

इससे पहले चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय मुद्दों पर बात की। साथ ही मधुबनी पेंटिंग भेंट की। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में साझा बयान पर साइन करने से इनकार कर दिया क्योंकि इसमें हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र तक नहीं था, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी।

# इस्राइली सेना ने खामेनेई के दावे को किया खारिज, कहा- सबसे सफल और ऐतिहासिक रहा ऑपरेशन राइजिंग लॉयन



**तेल अवीब।** इस्राइल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के तहत ईरानी सैन्य और परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए। ईरान ने इसके जवाब में ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 शुरू किया और इस्राइल के बुनियादी ढांचे के खिलाफ मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इस्राइली सेना ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन को सफल बताया है। ईरान इस्राइल संघर्ष विराम के बाद दोनों देश अपनी-अपनी सेनाओं की बहादुरी का दावा कर रहे हैं। अब सर्वोच्च ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के दावे को इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने खारिज किया है। आईडीएफ ने कहा कि ऑपरेशन राइजिंग लॉयन इस्राइल के इतिहास में सबसे साहसी और सफल अभियान रहा। इससे पहले खामेनेई ने दावा किया था कि ईरान ने इस्राइल को करारा जवाब दिया। एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) के चीफ ऑफ द जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान इस्राइल ने ईरान में अंदर तक घुसकर हमला किया।


हमने ईरान के सैन्य परमाणु कार्यक्रम और बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को पीछे धकेल दिया। आईडीएफ ने उन लोगों को खत्म कर दिया जिन्होंने इस्राइल को नष्ट करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान वह अपने अमेरिकी समकक्ष के संपर्क में रहे। उन्होंने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के लिए अमेरिकी सेना की सराहना की। उन्होंने इस ऑपरेशन को सटीक, शक्तिशाली और महान उपलब्धियां हासिल करने वाला बताया। जमीर ने कहा कि आईडीएफ ने इस्राइल के अस्तित्व के खतरे का सामना करने के लिए ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया। 12 दिनों में हमने सटीकता के साथ काम किया और अपने लक्ष्यों को पूरा किया। उन्होंने कहा कि तेहरान के आसमान में काम करते हुए हमने छह अन्य मोर्चों पर भी बहुत कुछ किया। गाजा में 50 बंधक अभी भी हमास के कब्जे में हैं। उन्हें घर वापस लाना और हमास को खत्म करना हमारा मिशन है। मैं आईडीएफ के बहादुर सैनिकों को सलाम करता हूं, जिन्होंने साहस के साथ चुनौती का सामना किया। ऑपरेशन राइजिंग लॉयन को इतिहास में इस्राइल के सबसे साहसी और सफल ऑपरेशनों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। आईडीएफ इस्राइल के लोगों की रक्षा करता रहेगा और हमारे राज्य और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

### 13 जून को इस्राइल-ईरान के बीच शुरू हुआ था संघर्ष

बता दें कि ईरान और इस्राइल के बीच 13 जून को संघर्ष शुरू हुआ था, जब इस्राइल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के तहत ईरानी सैन्य और परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए। ईरान ने इसके जवाब में ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 शुरू किया और इस्राइल के बुनियादी ढांचे के खिलाफ मिसाइल और ड्रोन हमले किए। फिर अमेरिका ने भी दोनों के युद्ध में एंट्री ली और ईरान के तीन परमाणु ठिकानों- फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर सटीक हमले किए। मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को ट्रंप ने ईरान और इस्राइल के बीच युद्धविराम समझौते की घोषणा की। यह तब हुआ जब ईरान ने अमेरिकी हमलों के जवाब में कतर और ईरान में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला किया था।

# ईरान पर हमले के लिए अमेरिका ने बनाया बंकर-बस्टर बम

## 15 साल में तैयार, चट्टान के 200 फीट नीचे ईरान का एटमी प्रोग्राम तबाह किया




**तेहराइन।** अमेरिका ने पिछले हफ्ते 21 जून को ईरान की फोर्डो परमाणु साइट पर हमला किया। इस हमले में अमेरिका ने पहली बार 30,000 पाउंड वजनी जीबीयू-57 सीरीज के बंकर बस्टर बमों का इस्तेमाल किया। ये बम खास तौर पर गहरे बंकरों और जमीन के नीचे बनी साइट्स को नष्ट करने के लिए बनाए गए हैं। अमेरिकी सेना के चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन ने गुरुवार को बताया कि इन बमों को बनाने में 15 साल लगे। 2009 में जब अमेरिका को ईरान की फोर्डो साइट के बारे में पता चला, तब उनके पास इसे तबाह करने के लिए कोई सही हथियार नहीं था। इसके बाद अमेरिका ने इन शक्तिशाली बमों को डेवलप किया। अमेरिका ने ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर 7 इ-2 बॉम्बर से हमला किया था।-2 बॉम्बर ने फोर्डो और नतांज साइट पर एक दर्जन से ज्यादा जीबीयू-57 बंकर बस्टर बम गिराए।

### 1000 फीट प्रति सेकेंड की रफ्तार से हमला किया

ईरान पर अमेरिकी हमले का नाम ऑपरेशन मिडनाइट हैमर था। इस हमले में फोर्डो साइट के दो मुख्य वेंटिलेशन शाफ्ट्स को निशाना बनाया गया। ईरान ने इन शाफ्ट्स को कंक्रीट से बंद करने की कोशिश की थी, लेकिन अमेरिकी सेना ने पहले से इसकी तैयारी कर ली थी। पहला बम कंक्रीट को तोड़ने के लिए इस्तेमाल हुआ, जिससे शाफ्ट खुल गया। फिर चार बमों को मेन शाफ्ट पर गिराया गया, जो 1,000 फीट प्रति सेकेंड की रफ्तार से साइट के अंदर गिरे और जोरदार विस्फोट किया। जनरल केन ने बताया कि इस ऑपरेशन में 15 साल की मेहनत शामिल थी। पायलटों, हथियार बनाने वाली टीम और लोड क्रू ने मिलकर इस हमले को सफल बनाया।

### जीबीयू-57 बंकर बम - दुनिया का सबसे शक्तिशाली हथियार

जीबीयू-57 को मासिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर भी कहते हैं, एक ऐसा बम है जो जमीन के 60 मीटर (200 फीट) नीचे तक घुसकर विस्फोट कर सकता है। यह बम खास तौर पर गहरे बंकरों और सुरक्षित ठिकानों को तबाह करने के लिए बनाया गया है।

वॉशिंगटन के सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के मासाओ डाहलग्रेन ने बताया कि इस बम में मोटी स्टील की परत होती है, जो चट्टानों और कंक्रीट को तोड़कर अंदर घुस सकती है। इसमें एक खास फ्यूज भी है, जो भारी दबाव और झटके सहने के बाद भी सही समय पर विस्फोट करता है।

# मंदिर तोड़ने पर अपने ही घर में घिरे यूनुस, सड़कों पर उतरा सनातनी समाज, सरकार को दे दी बड़ी चेतावनी



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में दुर्गा मंदिर गिराए जाने के बाद बवाल मच गया है। सनातनी समाज सड़कों पर उतर आया है और यूनुस सरकार को आंदोलन की चेतावनी दी है। मंदिर गिराने पर स्थानीय संगठनों ने सरकार पर धार्मिक उन्माद बढ़ाने का आरोप लगाया है। भारत ने भी घटना पर नराजगी जताई है और बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने की मांग की है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मंदिर गिराए जाने को लेकर जबरदस्त हंगामा मचा हुआ है। इस घटना के बाद बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार का जमकर विरोध शुरू हो गया है। मंदिर तोड़े जाने के खिलाफ ढाका की सड़कों पर सनातनी समाज उतर आया है और सरकार को आंदोलन की खुली चेतावनी दी है। दरअसल, ढाका के बीचों-बीच रेलवे लाइन के पास स्थित एक दुर्गा मंदिर को सरकारी बुलडोजर से गिरा दिया गया। इस घटाना के बाद से ही पूरे शहर का माहौल बिगड़ रहा है. इतना ही नहीं, इस घटना ने पूरे शहर के साथ-साथ पूरे देश का माहौल बिगड़ रहा है. सनातन समाज ने यूनुस सरकार पर भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल के कार्यकारी महासचिव मनींद्र कुमार नाथ ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।

सरकार इसे अफवाह बताकर पल्ला झाड़ रही है। लेकिन स्थानीय संगठन और आम लोग सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि सरकार जानबूझकर ऐसी घटनाओं को नजरअंदाज कर रही है।

### सरकार पर धार्मिक उन्माद बढ़ाने का आरोप


मनींद्र नाथ ने सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं केवल धार्मिक उन्माद को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कहा कि दुख की बात यह है कि सरकार इन घटनाओं को अफवाह बताकर नजरअंदाज कर रही है, जबकि पूरा देश इन घटनाओं का गवाह बन रहा है। सनातन समाज ने चेतावनी दी है कि इस घटना के विरोध में शुक्रवार सुबह ढाका प्रेस क्लब के बाहर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन का कहना है कि सरकार लगातार अल्पसंख्यक समुदाय की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन अब पूरा समाज एकजुट हो चुका है।

### मंदिर तोड़ने की घटना पर जनता में गुस्सा

स्थानीय लोगों के मुताबिक, मंदिर गिराने की घटना सुनियोजित तरीके से हुई। पहले मंदिर के आसपास भीड़ जुटाई गई और फिर सरकारी बुलडोजर भेजकर मंदिर को जमींदोज कर दिया गया। लोगों का कहना है कि यह घटना न सिर्फ धार्मिक भावनाओं पर हमला है, बल्कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का खुला उल्लंघन है। बांग्लादेश सरकार इस घटना को लेकर अब तक कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दे पाई है।

# दक्षिण कोरिया में छह अमेरिकी गिरफ्तार

## बोतलों में चावल और बाइबिल भरकर भेज रहे थे उत्तर कोरिया



**सियोल।** दक्षिण कोरियाई अधिकारियों ने छह अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिया है, जो चावल, अमेरिकी डॉलर के नोट और बाइबल से भरी लगभग 1300 प्लास्टिक की बोतलें समुद्री मार्ग से उत्तर कोरिया भेजने की कोशिश कर रहे थे।

दक्षिण कोरिया की आधिकारिक योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी संदिग्धों को शुक्रवार सुबह तड़के गिरफ्तार किया गया, जब वे उत्तर कोरिया के साथ प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र के पास ग्वांगह्वा द्वीप से समुद्र में बोतलें डालने की कोशिश कर रहे थे।

अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर मीडिया से बात करने का अधिकार नहीं था, उन्होंने गोपनीयता नियमों के अनुसार अमेरिकियों की व्यक्तिगत जानकारी देने से इनकार कर दिया। ग्वांगह्वा पुलिस ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि यूएसबी स्टिक में क्या है। दक्षिण कोरिया में अमेरिकी दूतावास ने तत्काल कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की है।

# ट्रंप की बेटी से लेकर बिल गेट्स तक, बेजोस की शादी में सितारों ने लगाए चार चांद, खर्च पर उठे सवाल



**बेनिस।** दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति जेफ बेजोस और लॉरेन सांचेज की भव्य शादी वेनिस में शुरू हुई। तीन दिन के इस आयोजन में ट्रंप की बेटी, बिल गेट्स, ओपरा समेत सैकड़ों वीआईपी मेहमान शामिल हुए। करीब 400 करोड़ रुपये खर्च की चर्चा है। दूसरी ओर स्थानीय लोग इसे 'शहर की नीलामी' बताते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने पत्रकार लॉरेन सांचेज से शादी करने के लिए इटली के खूबसूरत शहर वेनिस को चुना है। इस शादी को 'सदी की सबसे बड़ी शादी' कहा जा रहा है। वेनिस में तीन दिनों तक चलने वाले इस भव्य समारोह की शुरूआत गुरुवार को हुई, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

शादी में शामिल होने के लिए दुनियाभर से करीब 200 से 250 हाई-प्रोफाइल मेहमान पहुंचे हैं। इनमें बिल गेट्स, ओपरा विन्फ्रे, ऑरलैंडो ब्लूम, जॉर्डन की क्वीन, क्रिस जेनर, किम और क्लोई कार्डेशियन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका और दामाद जेरेड कुश्नर पहले ही शहर में पहुंच गए हैं और समय का आनंद लेते हुए वो लोग खरीदारी कर रहे हैं। दरअसल, इस शादी का जश्न एक दिन नहीं बल्कि 3 दिन तक चलेगा।

### शादी पर विरोध भी जारी

इस आलीशान समारोह को लेकर स्थानीय लोगों और पर्यावरण कार्यकताओं के बीच नाराजगी भी देखी जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने इसे वेनिस को 'अमीरों के लिए बेचने' की मिसाल बताया है। गुरुवार को एक प्रदर्शनकारी ने सेंट मार्क स्क्वायर पर चढ़कर 'दुनिया को 1% अमीर लोग बर्बाद कर रहे हैं' लिखी हुई बैनर लहराया।

### ऐतिहासिक चर्च में पहला कार्यक्रम

गुरुवार शाम को वेनिस के ऐतिहासिक मदोन्ना डेल'ऑर्टो चर्च में पहला कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह चर्च अपनी 16वीं सदी की प्रसिद्ध पेंटिंग्स के लिए जाना जाता है। स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के चलते शाम 4:30 बजे से आधी रात तक इलाके में लोगों और नावों की आवाजाही पर रोक लगा दी।

# 'मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता आएगी' व्हाइट हाउस ने बताई ऑपरेशन मिडनाइट हैमर की उपलब्धि



**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ईरानी परमाणु ठिकानों पर सटीक हमला करने के लिए शुरू किया गया ऑपरेशन मिडनाइट हैमर एक बड़ी सफलता थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी शासन के परमाणु खतरे को समाप्त कर दिया है। अब ईरान भी मानता है कि वह परमाणु हथियार नहीं बना सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को ऑपरेशन मिडनाइट हैमर की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि ईरानी परमाणु ठिकानों पर सटीक हमला करने के लिए शुरू किया गया ऑपरेशन एक बड़ी सफलता रहा। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर सटीक हमले किए। जिसके चलते पश्चिम एशिया (मध्य पूर्व) में शांति और स्थिरता आएगी।

कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह हमला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर किया गया था। इस ऑपरेशन का मकसद ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता को नष्ट करना था। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने अंततः ईरानी शासन के परमाणु खतरे को समाप्त कर दिया।' उन्होंने कहा कि ईरान बस कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बनाने में सक्षम हो सकता था, लेकिन ट्रंप ने समय रहते कार्रवाई की।

# यूनुस सरकार बांग्लादेश में पिछले तीन चुनावों की करेगी जांच, समिति गठित, हसीना की बढ़ेगी मुश्किल?



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। दरअसल, मौजूदा अंतरिम सरकार ने देश के पिछले तीन चुनावों की जांच के लिए समिति का गठन किया है। जो तमाम धांधली के आरोपों के साथ-साथ चुनाव आयोग के वित्तीय अनियमितता की भी जांच होगी।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 2014, 2018 और 2024 के आम चुनावों में कथित गड़बड़ियों, भ्रष्टाचार और प्रशासन की भूमिका की जांच के लिए एक पांच सदस्यीय समिति गठित की है। यह समिति यह भी सुझाव देगी कि भविष्य में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कैसे कराए जा सकें। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, इस समिति की अध्यक्षता पूर्व हाई कोर्ट जज शमीम हसनैन कर रहे हैं। समिति को 30 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी है।

### पिछले चुनावों को लेकर क्या लगाए गए आरोप?

इस अधिसूचना में कहा गया है कि इन तीन चुनावों में कानून का राज, लोकतंत्र और मौलिक मानवाधिकारों को कमजोर किया गया था। चुनावों के दौरान व्यापक गड़बड़ियों और जनता के वोट देने के अधिकारों को छीने जाने के आरोप लगे हैं। ये चुनाव उस समय सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के पक्ष में परिणाम दिलाने के लिए कथित तौर पर प्रभावित किए गए थे।

### क्या-क्या जांच करेगी समिति?

जांच समिति कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों, सिविल सोसायटी संगठनों, मीडिया रिपोर्टों और विशेषज्ञों की राय का विश्लेषण करेगी ताकि इन चुनावों की पारदर्शिता और वैधता का आकलन किया जा सके। इसके साथ ही, समिति यह भी देखेगी कि उस समय की सत्ताधारी पार्टी और उससे जुड़े संगठनों ने राजनीतिक भागीदारी को कैसे बाधित किया। साथ ही, चुनाव आयोग, उसके सचिवालय, प्रशासन, पुलिस और खुफिया एजेंसियों की भूमिका की भी जांच की जाएगी।

### वित्तीय अनियमितता की भी जांच करेगी समिति

समिति यह भी जांचेगी कि चुनाव आयोगों की तरफ से कोई वित्तीय अनियमितता हुई या नहीं और अगर हुई तो उसके लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जाएगी। आखिरी में, समिति यह सिफारिश देगी कि कानूनों, नियमों, चुनाव आयोग की भूमिका और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में क्या सुधार किए जाएं ताकि भविष्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव कराए जा सकें। सरकार ने यह भी कहा है कि समिति किसी भी दफ्तर से दस्तावेज मंगा सकती है, किसी भी व्यक्ति से पूछताछ कर सकती है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सदस्यों को समिति में शामिल कर सकती है।

# 'अमेरिका ने दोबारा हमला बोला तो ईरान उसके सैन्य ठिकाने..' खामनेई की ट्रंप को चेतावनी



**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि ईरान पश्चिम एशिया में अमेरिका के प्रमुख केंद्रों तक आसानी से पहुंच सकता है। जब भी जरूरी होगा, ईरान कार्रवाई कर सकता है। चेतावनी भरे लहजे में ईरान के सुप्रीम लीडर ने कहा कि अगर अब कोई आक्रमण होता है, तो दुश्मन को निश्चित रूप से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने कहा कि ईरान भविष्य में किसी भी अमेरिकी हमले का जवाब पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करके देगा। उन्होंने यह बात ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध विराम के बाद पहली बार टेलीविजन पर दिए गए अपने बयान में कही। इससे पहले बीते दिन खामनेई ने कहा था, ;उनके देश ने अमेरिका के चेहरे पर तमाचा मारा है।' उनकी यह टिप्पणी इसलिए अहम है, क्योंकि 12 दिनों के वार-पलटवार के बाद इस्राइल के साथ संघर्षविराम हुआ। इससे पहले अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद पहली बार गुरुवार को खामनेई का संदेश देश के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित हुआ।

इस्राइल के साथ जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी हस्तक्षेप को लेकर खामनेई ने कहा था, 'अमेरिका ने युद्ध में केवल इसलिए हस्तक्षेप किया, क्योंकि उसे लगा कि अगर हस्तक्षेप नहीं किया गया, तो इस्राइल में यहूदी शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा।' खामनेई ने कहा कि अमेरिका को इस युद्ध से कोई लाभ नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा था कि इस्लामी गणराज्य विजयी रहा। बदले में ईरान ने अमेरिका के चेहरे पर तमाचा मारा। उन्होंने कथित तौर पर सोमवार को कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे- अल उदीद पर ईरानी मिसाइल हमले की तरफ संकेत दिया। खामनेई ने चेतावनी दी और कहा कि ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी दोहराई जा सकती है। टकराव शुरू होने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखे गए थे खामनेई 86 वर्षीय खामनेई बीते 13 जून को इस्राइल के साथ टकराव शुरू होने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखे गए थे।

# उमंग और उल्लास के साथ निकाली गई भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शुक्रवार को हरे कृष्णा, हरे-हरे के साथ, मधुर संगीत के बीच गाजियाबाद में भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ सेक्टर-23 से किया गया। इस दौरान रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र, और बहन सुभद्रा भव्य रथ पर सवार होकर अपने मौसी के घर गुंडिचा मंदिर की ओर लेकर जाया गया। रथ यात्रा सेक्टर-23 से शुरू हुई। इसी यात्रा का राजनगर इस्कॉन मंदिर पहुंचने तक जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। तो वहीं रथ यात्रा के दौरान विदेशी भक्त और उनकी टोली आकर्षण का केंद्र रहीं। तो आधा दर्जन से अधिक अलग-अलग बैंड, रॉक बैंड और भगवान जगन्नाथ यात्रा के अलग-अलग जीवन के अध्याय को प्रदर्शित करने का भी काम किया गया।

# भाजपा युवा मोर्चा का आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 'मॉक पार्लियामेंट' सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में संपन्न हुआ

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय के रूप में मना रही है, इसी क्रम में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें पक्ष-विपक्ष के लोगों ने अपनी बातों को साझा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री, राज्यसभा सांसद अरुण सिंह, विशिष्ट अतिथि के प्रदेश उपाध्यक्ष, एमएलसी बृज बहादुर पाठक, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा व महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने किया।

मॉक पार्लियामेंट की सभापति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अभिनव प्रकाश बने। इस कार्यक्रम के दौरान सत्ता पक्ष ने बताया कि आपातकाल के समय देश की स्थिति क्या थी। वहीं, विपक्ष में आपातकाल क्यों लगाया गया, इस पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पश्चिम उत्तर प्रदेश के 10 जिलों ने सहभागिता एवं 80 से ज्यादा कार्यकर्ताओं की प्रतिभागिता रही। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में मॉक पार्लियामेंट को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक दिन का काल्पनिक सांसद बनने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि इसके जरिए बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों के आदेश पर इसका आयोजन किया गया।



## मॉक पार्लियामेंट का समापन पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने किया

**करंट क्राइम।** इस मॉक पार्लियामेंट में ज्यूरी मेंबर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा एवं कार्यक्रम संयोजक सोनू वाल्मीकि एवं किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज रहे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री, गृहमंत्री फाइनेंस मिनिस्टर आदि भी बनाए गए थे। मॉक पार्लियामेंट का समापन सत्र पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने किया एवं साथ ही वहां उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को उन्होंने दोनों सदन लोकसभा एवं राज्यसभा की कार्य प्रणाली किस तरह होती है उसकी पूरी तरह से समझाया। महानगर युवा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने मॉक पार्लियामेंट की पूरी कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा ने एक बेहतर प्रयास किया है कि आम जनता को यह बताएं कि आपातकाल होता क्या है। एक तरह का यह चर्चा परिचर्चा है, जिसके जरिए आम जनता खासकर युवा पीढ़ी को आपातकाल की जानकारी देना था। बता दें कि गाजियाबाद में पहली बार मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला।

## काफी तादात में लोग मौजूद रहे

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व मेयर आशु वर्मा, विजय मोहन, पंकज भारद्वाज, क्षेत्रीय महामंत्री युवा मोर्चा अनुज कश्यप, क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रॉबिन तोमर, धनंजय शर्मा, जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष राम त्यागी, मोनू त्यागी, आशीष चौधरी, आशुतोष शर्मा, महानगर महामंत्री नितिन शर्मा, संदीप चौधरी, महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी, महानगर मंत्री दीपक शर्मा, रोबिन तोमर, पुष्पेंद्र गुप्ता, पंकज लड्डू, अनुज कसाना, कपिल मावी, रॉबिन भड़ाना, सोनू चौधरी, आशु गुर्जर, सूरत सेन, विपिन यादव, मोहित ठाकुर, राहुल भाटी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भागीरथ पब्लिक स्कूल में एक्सियम मिशन-4 की सफलता के लिए शुरू हुआ महामृत्युंजय जाप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत के सपूत शुभांशु शुक्ला एक्सियम मिशन-4 के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस के लिए क्या निकले पूरे देश में उनके और उनकी टीम की सफलता के लिए दुआओं का दौर शुरू हो गया। गाजियाबाद के भागीरथ पब्लिक स्कूल में भी इस मिशन की सफलता के लिए पूजा अर्चना की गई। इस मिशन की सफतला के लिए स्कूल में शिक्षक-शिक्षकों द्वारा महामृत्युंजय मंत्र का जाप भी शुरू किया गया।

भागीरथ पब्लिक स्कूल के निदेशक श्री अनादि सुकुल ने बताया कि स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब में इस मिशन की सफलता के लिए बाकायदा महामृत्युंजय जाप की व्यवस्था की गई है। यह जाप अब से लेकर 14 दिन तक प्रतिदिन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व का समय है जब 41 साल बाद यह मौका आया है कि हमारा देश अपने बल बूते अंतरिक्ष में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हम सभी भारतीय इस मिशन के लक्ष्य की पूर्ति और मिशन पर गए सभी भारतीयों की कुशलता के लिए प्रार्थना करते हैं। स्कूल प्रांगण में पंडित कैलाश चंद्र कर और पंडित मुकेश मिश्रा ने यह संकल्प लिया कि वह इस मिशन की सफलता के लिए प्रतिदिन महामृत्युंजय जाप करेंगे।

# एसीपी कोतवाली ने ली मोहर्रम को लेकर सुरक्षा एवं शांति समिति की बैठक

## कानून व्यवस्था की स्थिति का पालन करने का निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी जोन के एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी और थाना प्रभारी घंटाघर अनुराग शर्मा द्वारा मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शांति एवं सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में स्थानीय पार्षद, प्रमुख लोग, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा एवं पीस कमेटी के मेंबर्स के साथ ही सिविल डिफेंस और डिजिटल वालंटियर फोर्स के सदस्यों को शामिल किया गया। एसीपी घंटा घर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि मोहर्रम के दौरान जो भी जुलूस निकाले जाएंगे वह रूट और अनुमति के साथ ही होंगे। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न ना की जाए। एसीपी ने कहा है कि निर्धारित स्थान से जुलूस शुरू होंगे और वहीं समाप्त होंगे। इस दौरान किसी प्रकार का स्टंट और अन्य प्रदर्शन नहीं होगा। तो वहीं मोहर्रम कमेटियों को भी निर्देशित किया गया है कि वह नियमों का पालन करते हुए ताजिया निकालेंगी।



# सुनील चौधरी बने रालोद की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निदेशानुसार तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के अनुमोदन उपरांत सुनील चौधरी एडवोकेट को राष्ट्रीय लोकदल की उत्तर प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। रालोद प्रदेश अध्यक्ष तथा पूर्व एमएलसी रामाशीष राय ने सुनील चौधरी को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने की घोषणा करते हुए यह कहा है कि सुनील चौधरी इस गहन दायित्व का निर्वहन करते हुए भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह तथा श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह की विचारधारा और रालोद की रीति-नीति में आस्था रखते हुए रालोद के संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।



# मोदी सरकार के 11 साल हर नागरिक के लिए बेमिसाल : सुरेश कुमार कश्यप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व एमएलसी भाजपा सुरेश कुमार कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल देश के हर नागरिक के लिए बेमिसाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 11 साल पूरे कर लिए हैं। 26 मई 2014 को हुई यह यात्रा सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र पर आधारित रही। इन वर्षों में भारत ने आर्थिक सामाजिक और वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय प्रगति की है। आर्थिक मोर्चे पर भारत 2014 में 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे पहलुओं ने निवेश और नवाचार को बढ़ावा दिया है। मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ शहरी और ग्रामीण घरों का निर्माण करवाया है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया है जबकि जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरों को नल जल कनेक्शन प्रदान किये हैं। महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है जिसमें 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिलाओं को दिए गए और उच्च शिक्षा में उनकी भागीदारी 28 फीसदी तक बढ़ी आयुष्मान भारत योजना में 50 करोड लोगों को स्वास्थ बीमा प्रदान किया। विदेश नीति ने भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति और वैश्विक मंचों पर बढ़ती साख ने देश को एक मजबूत वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया है।






▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन के ताकतवर नेता ने क्यों कर दिया देवतुल्यों को नाराज होकर कमरे से आउट? सुना है वो कर रहे थे शब्दों को कुछ ज्यादा ही लाउड? कहने वाले ने कहा कि इस बात पर हो गये संगठन वाले नेता नाराज? ये घटना हुई राष्ट्रीय महामंत्री के आने से ठीक पहले? कहने वाले ने कहा कि संगठन के नेता ने एक-एक का नाम लेकर कर दिया कमरे से बाहर? क्योंकि ये भी सच है कि नेता जी नहीं करते हैं अनुशासनहीनता स्वीकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कमरे से निकाले गये नेता तो रहे शांत मगर फूल वालों ने ही फोन कर करके बना दिया पूरा माहौल? सुना है निकालने वाले ने पहले किया फार्मर भारद्वाज को कमरे से आउट? फिर हुई युवा तोमर की विदाई और पीछे-पीछे निकले कमरे से चौपड़ा जी और गुंज मचाने भाजपाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिरा वाले पुरम में हो रही है इस बात की चर्चा? कैलाश वाले भवन में क्यों नहीं हुए इन्दिरापुरम वाले पार्षदों के दीदार? कहने वाले ने कहा कि कार्यक्रम था खास और महाराज के सामने भी क्यों नहीं हुए दीदार? सुना है मैडम मंडल प्रधान ने बनाया था कुछ ऐसा प्लान कि धरे रह गये सभी के प्लान? भवन में पहुंचे केवल मंडल प्रधान और देवतुल्य मित्तल? पार्षद और कार्यकर्ताओं को कहां से मिल जाती एन्ट्री? जब सीन ही बन गया था उनके लिए एन्टी? बात निकली है खास कि नहीं बनाये गये थे इन सबके पास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बोर्ड बैठक में इस बार स्वर होगा बुलंद और उठेंगे सदन में हां और ना वाले हाथ? कहने वाले ने कहा कि तभी तो पता चलेगा कि सामने वाला विरोध कैसा है और सदन में किसने रखी है जनता की बात? कहने वाले ने कहा कि हाथ से ही तो सही मायनों में पार्षद पहचाना जायेगा? बनेगी वीडियो और सब देखेंगे कि किसने टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में हाथ नहीं उठाया और किसने हाथ उठाया? कौन रहा हाउस टैक्स के पक्ष में किसने जनता का साथ निभाया?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक पूर्व डिप्टी मेयर ने बोर्ड बैठक से पहले ही एक पार्षद को बात बताई एकदम फेयर? उन्होंने कहा कि मैं किसी की आलोचना या प्रशंसा की नहीं करता हूं केयर? पूर्व डिप्टी मेयर ने जोश से भरे पार्षद को ये बात बताई? कुछ भी कर लेना और कितने जोर लगा लेना लेकिन ये बढ़ा हुआ टैक्स नहीं घटेगा मेरे भाजपाई भाई? पूर्व डिप्टी मेयर को है इस बात की जानकारी? मैच तो जीतेंगे निगम के अधिकारी? सुना है आजकल ये पूर्व वाले अधिकारियों की कर रहे हैं बहुत ज्यादा मनुहारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सीएम महाराज ने जो दिया है आदेश? क्या भाजपा वाले जायेंगे सम्मान का गुलदस्ता लेकर पुलिस में भर्ती हुए अभ्यर्थियों के परिजनों के पास? भाजपाई ने ही किया इस बात का खुलासा? आदेश तो उस समाज के बोर्ड वाले फैसले की हिमायत के लिए भी आये थे? आप ही हमें बता दो कितने भाजपाई सलाम करने के लिए मौहल्लों में नजर आये थे? कहने वाले ने कहा कि जब ऑफिशियल डाटा भी नहीं है याद? तब समझ लो कि कितना रखा जायेगा इस बात को याद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि 30 जून को पता चलेगा टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में किस जनप्रतिनिधि का उबल रहा है खून? सुना है पार्षदों ने की है पर्सनली जाकर विधायकों से इस बात की रिक्वैस्ट? प्लीज जरूर आना और हमारा अनुरोध कर लो एक्सेप्ट? कहने वाले ने कहा कि लाईन पार वाले करेंगे आर या पार? बाकी डाल लेंगे न्यूट्रल गियर? हैवीवेट वाले नहीं जायेंगे फैसले के खिलाफ? क्योंकि आजकल उनका नजर आ रहा है जनहित वाला अंदाज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधानसभा वाले माननीय जी को लगा है सफाई वाले नायक की हिमायत के बाद झटका? विधायक जी तो लड़ रहे थे उसके लिए लड़ाई और उसने कर दिया सीज फायर का ऐलान तो विधायक जी रह गये हैरान? कहने वाले ने कहा कि ये तो नायक को सोचना है कि उसने जन नायक के साथ किया है चीट? विधायक जी तो लड़ते हैं कार्यकर्ता की लड़ाई? आखिर नायक ने क्यों दिखाई मौके पर आकर इतनी बेवफाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सूचना वाले सोनी जी पर रख कर हाथ? किस पार्षद ने साधा है नगर निगम के अफसरों अभियंताओं पर निशाना? कहने वाले ने कहा कि शब्द निगम के हैं, शैली सोनी जी की है और सवाल पूछने वालों में है नाम श्रीमती जैन का? कहने वाले ने कहा कि सोनी जी भले ही अंजान बन रहे हों लेकिन निगम वाले जानते हैं ये पूरा गेम? वो बता रहे हैं कहां से रचा गया है सवालों का ये पूरा फ्रेम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम में जब उठेगा विशेष बैठक में हाउस टैक्स का मामला? तब रोचक रहेगा हाथ वाले पार्षदों का सीन? ये देखना होगा कि किस तरफ जायेंगे कांग्रेस के ये पार्षद तीन? अभी तक ये नहीं दिखाई दिये हैं विरोध वाली मुहिम में पार्षदों के साथ? ऐसे में क्या विशेष बैठक में कांग्रेस संगठन जारी करेगा अपने पार्षदों को कोई आदेश? या फिर बोर्ड बैठक में हो जायेगा मामला कुछ ऐसा कि देख लो जैसे मन करे करो तुम वैसा?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दोस्तों में कन्हैया के नाम से प्रसिद्ध वीर सिंह निगम इन दिनों अपने परिवार के साथ बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर है। वीर सिंह निगम कन्हैया ने इस खुशी को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। वीर सिंह निगम अध्यक्ष और धर्म से जुड़े हैं वह संस्कार और परिवार का एक संदेश दे रहे हैं। वीर सिंह निगम कन्हैया की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।